* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 241

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज




# R K GROUP OF INSTITUTIONS, GARHWA

## R K NURSING COLLEGE

**HOOR, GARHWA**

**Regn.: Jh Nurses Registration Council, Ranchi**
**E-mail ID : principalrkpsgarhwa@gmail.com**



**ADMISSION OPEN 2025-2026**

**Courses : ANM : For Girls Only**

**REQUIREMENTS : Post of Tutors.**

**Qlfy-** 1. MSC Nursing or, BSC Nursing or, Post Basic B.Sc Nursing or Diploma in Nursing Education and Administration from any INC recognized Nursing Institute.
2. At Least 2 yrs. Professional experiences
**Excellent Remuneration as per Norms. Contact No. 9431136058, 9934922931**

**Place:** RKVS College, Sonpurawa, Garhwa.

## R.K. PUBLIC SCHOOL

**ADMISSION OPEN**
**SESSION 2025-2026 at the following Centres**

**1.** RK Public School, Sonpurwa, Gharwa: Class - Nursery to Std IX & XI **2.** RK Public School, Unchari, Majhion : Class - Nursery to Std IX **3.** RK Public School, Audhura, Banshidhar Nagar: Class - Nursery to Std IX **4.** RK Public School, Hoor, Garhwa : Class - Nursery to Std V **5.** RK Nursing College, Hoor, Garhwa Recognised to JNRC, Ranchi & INC, Delhi - Course: ANM **6.** RKVS Sansthan, Rehla Road, Garhwa Recognised to NCTE, Bhubneshwar, Affiliated to JAC, Ranchi & NPU Med.- Course: D.El.Ed





**Er. A.N. Pandey**
**Director**
**Mob. : 9431136058**

**NEW ADMISSION IS RUNNING**
**R. K. PUBLIC SCHOOL, HOOR, GARHWA**
Principal: Pramod Kumar Jha, (Rtd. Dy. Collector)
For Admission Detail: Call - 9431136058. Enrol Now : Visit the respective schools at 10: AM

**REQUIREMENTS FOR R.K. PUBLIC SCHOOL, BANSHIDHAR NAGAR**

1. **PGT-** Post Graduate in the Subject and B.Ed.
2. **Subject -** English, Maths, Sc., Socialist, Computer Sc.
   TGT - Graduation with Honours in subject with B.Ed.
   **Subject -** English, Maths, Sc., Soc. Sc., Computer Sc.
3. **PRT -** Graduation with D.El.Ed - All subjects

**ATTRACTIVE SALARY IS OFFERED AS PER NORMS**

**Note:** Candidates having fluency in Spoken English & experience in English Medium Teaching will be preferred.

**PRINCIPAL REQUIREMENT : R. K. Public School**
Age 35 to 45, Qualification MA, B.Ed., Minimum experience 5 years, Excellent Remuneration as per Norms. Contact No. 9431136058, 9934922931

**सभी संस्थानों में लाइब्रेरी, स्मार्ट, क्लासेस, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब एवं बस सुविधा उपलब्ध**

# आर. पी. नर्सिंग कॉलेज, गढ़वा

**INC (New Delhi) एवं JNRC (Ranchi) से मान्यता प्राप्त**

| A.N.M | G.N.M | B.Sc Nursing |
|---|---|---|
| 2 YEARS | 3 YEARS | 4 YEARS |
| ELIGIBILITY - INTER | ELIGIBILITY - INTER WITH ENGLISH | ELIGIBILITY - I.SC (P.B.C) |



# आर. पी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

**फार्मेसी कौंसिल ऑफ इण्डिया (PCI) एवं झारखण्ड सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त**

**D.PHARMA (2 Years) Eligibility - I.Sc.**

**ADMISSION OPEN**

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें:-
**8603010444 8235083832**
पता :- नियर हैलिपैड, कल्याणपुर, गढ़वा (झारखण्ड) 822114

**Merit Based SCHOLARSHIP**
पहले आओ! पहले पाओ!

## राधा पार्वती एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट

Website :- www.rpeducations.com


**आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**




आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 21 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# जी-7 शिखर सम्मेलन कूटनीतिक कामयाबी का एक और अध्याय

## ■ प्रधानमंत्री ने दुनिया को समझाया आतंकवाद और आपसी सहयोग का महत्व

## ■ वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए

## ■ कुछ देश खुलेआम आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत करते हैं, दोहरी नीति से सावधान

**आजाद सिपाही विशेष**

**कनाडा के कनानस्किस में जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण और जी-7 नेताओं के साथ प्रमुख वैश्विक चुनौतियों पर बातचीत बेहद उपयोगी रही। उन्होंने इस दौरान विचार-विमर्श में पृथ्वी की बेहतरी के लिए अपनी आकांक्षाओं को साझा किया। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और निवेश के भविष्य पर जी-7 चर्चाओं में भाग लिया, ताकि विश्व में हो रहे बदलावों के बीच इन तक सबकी पहुंच आसानी से और कम खर्च में सुनिश्चित हो सके। मोदी ने अपने संबोधन में दीर्घकालिक और हरित मार्ग के माध्यम से सभी के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता का उल्लेख किया। उन्होंने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा रोधी बुनियादी ढांचे पर सम्मेलन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन जैसी भारत की वैश्विक पहलों के संबंध में विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री ने विकासशील और पिछड़े देशों की चिंताओं और प्राथमिकताओं पर ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत ने उन देशों की आवाज को विश्व मंच पर लाने के विषय को अपनी जिम्मेदारी के रूप में लिया है। जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की यह लगातार छठी भागीदारी थी। कुल मिला कर पीएम मोदी का यह भाषण उनकी कूटनीतिक कामयाबी का एक और अध्याय लिख गया, क्योंकि इसके माध्यम से उन्होंने भारत की वसुधैव कुटुंबकम की पुरानी नीति की जरूरत को एक बार फिर रेखांकित किया। जी-7 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी के संबोधन के क्या हैं वैश्विक मायने और यह दुनिया के लिए कितनी जरूरी है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन 'ग्लोबल साउथ' के हिमायती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद, व्यापार और विकास जैसे अहम वैश्विक मुद्दों पर दुनिया के प्रमुख नेताओं के साथ बातचीत के दौरान जो नसीहत दी, उसके वैश्विक मायने खास हैं और उन्हें समझने-समझाने की भी जरूरत है, ताकि भारत के मतदाताओं में अपने अंतरराष्ट्रीय हितों के प्रति भी जागरूकता पनपे और बढ़े।

कनाडा के कनानास्किस में आयोजित जी-7 आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति को दोहराया और इस वैश्विक खतरे के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई की मांग की। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि आतंक समर्थक देशों को इसकी कीमत चुकानी होगी। उनका इशारा अमेरिका, कनाडा, जापान, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूरोपीय संघ के उन देशों की तरफ था, जो अमेरिकी अगुवाई में लोकतंत्र की बात तो करते हैं, लेकिन आतंकवादी समर्थक देशों को भी वित्तीय मदद देते और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से दिलवाते हैं।

यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिना लाग लपेट के दो टूक शब्दों में कहा कि वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए। यदि कोई देश आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने यहां तक कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कार्रवाई में दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। ऐसा कहकर उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की पक्षपाती भूमिका पर भी सवाल खड़े दिये।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि एक ओर हम अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध जल्दी से लगा देते हैं, वहीं दूसरी ओर जो देश खुलेआम आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। यह दोहरी नीति बंद होनी चाहिए। समझा जाता है कि पीएम मोदी का इशारा पाकिस्तान की तरफ था, जिसे अमेरिका-चीन दोनों का सहयोग और समर्थन हासिल है। यह भारत के लिए चिंता की बात है, क्योंकि वह भारत में आतंकवाद व अन्य खुराफातों को बढ़ावा देता है। भारत को टुकड़े करने के स्वप्न देखता है। साथ ही पीएम मोदी ने जी-7 मंच से ग्लोबल साउथ के मुद्दे भी उठाये। प्रधानमंत्री ने जी-7 नेताओं के साथ अपनी बातचीत को उपयोगी बताया और कहा कि चर्चा वैश्विक चुनौतियों और बेहतर भविष्य की आशाओं पर केंद्रित रही। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान ग्लोबल साउथ की चिंताओं और प्राथमिकताओं पर ध्यान दिए जाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत ह्यग्लोबल साउथह्न की आवाज को वैश्विक मंच पर पहुंचाना अपनी जिम्मेदारी समझता है। ह्यग्लोबल साउथह्न शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों के संदर्भ में किया जाता है।



उल्लेखनीय है कि 'ग्रुप ऑफ सेवन' (जी-7) दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा और यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। हालांकि हैरत की बात तो यह है कि इसमें दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन, चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत और दूसरी सैन्य महाशक्ति रूस को जगह नहीं दी गयी है। कोढ़ में खाज यह कि इसमें रूस को पुनः शामिल किये जाने, चीन को भी लाने की जरूरत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने समझी, लेकिन भारत के विषय में चर्चा तक नहीं की। इससे उनकी पक्षपाती और भितरघाती मनोदशा का पता चलता है। ऐसा इसलिए कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में आशातीत उन्नति की और रूस का भरोसेमंद वैश्विक पार्टनर बना रहा। चूंकि भारत अमेरिकी इशारे पर चीन से नहीं उलझा, इसलिए वह अब अमेरिका के किसी काम का नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिज्ञ बताते हैं कि भारत को देखते हुए इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली जैसे यूरोपीय संघ के देश भी अब अमेरिका को ज्यादा भाव नहीं देते। इजरायल और जापान भी इसी राह पर है, क्योंकि सबको भारत या चीन के रूप में एक मजबूत विकल्प मिल रहा है। यही वजह है कि अमेरिका अब पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को घायल करने की नीति पर चल रहा है, खासकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद, ताकि चीन भी उससे प्रसन्न रहे।

वहीं, भारत के प्रधानमंत्री मोदी भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की बदली मानसिकता को समझ चुके हैं। इधर, मोदी के कनाडा पहुंचते ही ट्रंप के वहां से निकल जाने के भी मायने तलाशे जा रहे हैं। यही वजह है कि शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री मोदी ने कई द्विपक्षीय मुलाकातें भी कीं। साथ ही, अमेरिका के आग्रह पर फोन पर ट्रंप से बातचीत करते हुए भारत के मामले में मध्यस्थता करने के उनके सपने को जोर का झटका धीरे से दिया। वहीं, अचानक अमेरिका पहुंचने से इनकार करते हुए उन्हें ही भारत के लिए आमंत्रित कर डाला। वो भी उसी क्वाड की बैठक के लिए, जिसमें भारत की अरुचि जगजाहिर है। इसके अलावा, उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बानीज के साथ मुलाकात की। इन बैठकों में व्यापारिक सहयोग, निवेश बढ़ाने और वैश्विक आर्थिक साझेदारी मजबूत करने पर चर्चा हुई।

पीएम मोदी ने ठीक ही कहा है कि उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य, स्वीकार्यता के मूलभूत सिद्धांतों पर आगे बढ़ते हुए भारत ने समावेशी विकास का मार्ग चुना है। मोदी ने अपने संबोधन में एक स्थायी एवं हरित मार्ग के माध्यम से सभी के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और इस उद्देश्य की दिशा में भारत की वैश्विक पहलों जैसे कि अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के बारे में विस्तार से बताया।

वहीं, मोदी ने ठीक ही कहा कि एआइ अपने आप में एक ऐसी प्रौद्योगिकी है, जिसके लिए बहुत ऊर्जा की आवश्यकता है। अगर प्रौद्योगिकी-संचालित समाज की ऊर्जा आवश्यकताओं को स्थायी रूप से पूरा करने का कोई तरीका है, तो वह नवीनीकृत ऊर्जा के माध्यम से ही है। उन्होंने ठीक ही कहा कि पिछली सदी में ऊर्जा के लिए प्रतिस्पर्धा थी लेकिन इस सदी में हमें प्रौद्योगिकी के लिए सहयोग करना होगा।

खास बात यह है कि भारत और कनाडा के बीच कुछ समय से चले आ रहे राजनयिक तनाव को समाप्त करने की दिशा में भी एक सकारात्मक पहल हुई। दोनों देशों ने नये उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमति जतायी, जिससे वीजा, वाणिज्य और अन्य सेवाएं सामान्य हो सकेंगी। इसे जी-7 सम्मेलन में पीएम मोदी की भागीदारी भारत की वैश्विक भूमिका को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम के रूप में देखी जा रही है, जहां भारत ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख और विकासशील देशों की आवाज को बुलंद किया।

जाहिर है कि जी-7 शिखर सम्मेलन कनाडा में भारत की नसीहत के वैश्विक मायने स्पष्ट हैं, जिससे अमेरिका और यूरोपीय देशों ने सबक नहीं ली तो वैश्विक मुस्लिम चक्रब्यूह में घिरने और पीटने से उन्हें कोई नहीं रोक पायेगा, क्योंकि रूस-चीन-उत्तरी कोरिया इसका ब्लूप्रिंट तैयार कर चुके हैं। भारत की मूक सहमति मिलते ही वज्रपात शुरू हो सकता है। वहीं अमेरिका की योजना ईरान के बाद भारत को बर्बाद करने की है, क्योंकि उसकी पहलगाम फितरत औंधे मुंह गिरी है। इसलिए इजरायल को आगे करके अमेरिका एक नया प्रयोग कर रहा है, जिससे भी मोदी प्रशासन सजग प्रतीत होता है।

# संस्थानों के नव निर्माण और जीर्णोद्धार कार्यों को समय से पूरा करें: हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ महिला महाविद्यालयों/ महिला पॉलिटेक्निक के निर्माण और जीर्णोद्धार से संबंधित कार्यों की समीक्षा की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित राज्य अंतर्गत महिला महाविद्यालयों/महिला पॉलिटेक्निक संस्थानों के निर्माण और जीर्णोद्धार से संबंधित कार्य योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची, चाइबासा, गिरिडीह, धनबाद, दुमका, हजारीबाग सहित अन्य जिलों में प्रस्तावित महिला महाविद्यालयों के नवनिर्माण और जीर्णोद्धार से संबंधित कार्य योजनाओं में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। चिह्नित सभी जिलों में जल्द से जल्द महिला महाविद्यालयों के नवनिर्माण एवं जीर्णोद्धार से जुड़े कार्य निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। नये महिला महाविद्यालयों के स्थापना होने से यहां की छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला महाविद्यालयों तथा महिला पॉलिटेक्निक संस्थान के नये भवनों के निर्माण कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जाये। प्रत्येक भवनों में सेंट्रलाइज्ड वॉटर टैंक, यूटिलिटी सेंटर ग्रीन कैंपस, एनर्जी एफिशिएंसी इत्यादि पर पूरा फोकस रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भवनों के चल रहे निर्माण कार्य की वजह से यहां अध्यनरत छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा न हो ,इसका भी पूरा ध्यान रखा जाये।



बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अधिकारियों ने अवगत कराया कि रांची महिला महाविद्यालय रांची के नवनिर्माण तथा जीर्णोद्धार कार्य हेतु 364 करोड़ रुपये की लागत राशि का डीपीआर बनाया गया है, वहीं महिला महाविद्यालय चाइबासा के नव निर्माण और जीर्णोद्धार कार्य हेतु 281 करोड़ रुपये, आरके महिला महाविद्यालय गिरिडीह के पुराने भवन के जीर्णोद्धार कार्य हेतु 8.60 करोड़ रुपये और नये भवन के नव निर्माण (जो 20 एकड़ भूमि पर की जायेगी) हेतु 242 करोड़ रुपये, एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय धनबाद के नवनिर्माण और जीर्णोद्धार हेतु 37.47 करोड़ रुपये (नये भवन हेतु 25 एकड़ प्राप्त भूमि पर) नव निर्माण कार्य के लिए 162 करोड़ रुपये, एसपी महिला महाविद्यालय दुमका के पुराने परिसर को ही डिस्मेंटल कर नव निर्माण हेतु 43.62 करोड़ रुपये, केवी महिला महाविद्यालय हजारीबाग के नव निर्माण, जीर्णोद्धार कार्य हेतु 32 करोड़ रुपये, वाइएसएन महिला महाविद्यालय मेदनीनगर पलामू के नव निर्माण, जीर्णोद्धार कार्य हेतु 29.18 करोड़ रुपये, आरडी बाजला महिला महाविद्यालय देवघर के नव निर्माण, जीर्णोद्धार कार्य हेतु 23.78 करोड़ रुपये, दि ग्रैजुएट स्कूल कॉलेज फॉर विमेंस जमशेदपुर के जीर्णोद्धार कार्य हेतु 16.65 करोड़ रुपये की लागत राशि की योजनाओं का डीपीआर तैयार किया गया है।

बैठक में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अपर सचिव सुनील कुमार, अवर सचिव सैयद रियाज अहमद, उप निदेशक डॉ विभा पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बाबूलाल मरांडी ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने अमित शाह से नयी दिल्ली में मुलाकात की।

इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने मंत्री अमित शाह से प्रदेश एवं संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। बाबूलाल मरांडी ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अमित शाह के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए दी।



# पश्चिम बंगाल से झारखंड आ रही बोलेरो की ट्रेलर से टक्कर, नौ बारातियों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह एक भयानक सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गयी। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर बलरामपुर थाना क्षेत्र के नामसोल गांव के पास हुआ, जब एक बोलेरो गाड़ी और ट्रेलर के बीच टक्कर हो गयी। मृतक सभी लोग एक बारात से लौट रहे थे। वे झारखंड के सरायकेला जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के चिरुगोड़ा गांव से बराबजार थाना क्षेत्र के अदाबना गांव बारात में गये थे। लौटते समय बलरामपुर के पास उनकी बोलेरो गाड़ी एक ट्रेलर से भिड़ गयी। हादसे में मरने वालों में 8 लोग नीमडीह थाना के लाकड़ी गांव के हैं, जबकि एक व्यक्ति रघुनाथपुर गांव का था। मृतकों के नाम हैं बीरु महतो, अजय महतो, विजय महतो, स्वपन महतो, गुरुपद महतो, शशांक महतो, चित्त महतो, कृष्णा महतो और चंद्रमोहन महतो है। बताया गया कि कुछ लोगों की मौत मौके पर ही हो गयी, जबकि अन्य घायल बलरामपुर अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिये।



www.epaper.azadsipahi.in

21 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 241


राजनाथ सिंह 25 से 27 जून तक एससीओ की बैठक में हिस्सा लेने चीन जायेंगे



# यह सुशासन की स्थापना की वर्षगांठ है : मोदी

## ओड़िशा में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

- कई योजनाओं की सौगात दी, विजन डॉक्यूमेंट जारी किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज 20 जून का दिन बहुत विशेष है। आज ओड़िशा में पहली भाजपा सरकार ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है। यह वर्षगांठ सिर्फ सरकार की नहीं है। यह सुशासन की स्थापना की वर्षगांठ है। यह एक वर्ष जनसेवा और जनविश्वास को समर्पित है। मैं ओड़िशा के लोगों को हृदय से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मैं मुख्यमंत्री मोहन माझी और उनकी पूरी टीम को भी बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ओड़िशा में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने भुवनेश्वर में रोड शो किया किया। उन्होंने ओड़िशा को परियोजनाओं की सौगात दी है। इसमें पेयजल, सिंचाई, कृषि अवसंरचना, स्वास्थ्य अवसंरचना, ग्रामीण सड़कें और पुल, राष्ट्रीय राजमार्गों के खंड और एक नयी रेलवे लाइन शामिल हैं। रेल संपर्क बढ़ाने वाली नयी ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी भी दिखायी। साथ ही मोदी ने 100 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखायी। इस दौरान ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने सरकार के एक साल पूरे होने पर विजन डॉक्यूमेंट जारी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ओड़िशा में डबल इंजन सरकार से लोगों को डबल फायदा मिल रहा है। लंबे समय तक ओड़िशा के लाखों गरीब परिवार आयुष्मान योजना से बाहर थे। आज आयुष्मान भारत और गोप बंधु जन आरोग्य योजना, दोनों इंजिन यहां चल रहे हैं। इससे करीब तीन करोड़ लोगों को मुफ्त इलाज का लाभ मिलना तय हुआ है।

**सरकार वंचितों का सशक्तिकरण कर रही:** मोदी ने कहा कि हमारी सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि वंचितों के सशक्तिकरण है। ओड़िशा में जनजातीय समाज रहता है। अतीत में उसे निरंतर उपेक्षा मिली। उनके हिस्से पिछड़ापन, गरीबी, अभाव आया। जिस पार्टी ने लंबे समय तक देश में शासन किया, उसने आदिवासियों को अपनी राजनीति के लिए इस्तेमाल किया। उन लोगों ने आदिवासी समाज को न विकास दिया न भागीदारी दी। नक्सलवाद और हिंसा की आग में धकेल दिया। आदिवासी क्षेत्र नक्सलवाद की चपेट में था। रेड कॉरिडोर के नाम पर बदनामी मिल रही थी। हमने आदिवासी समाज को हिंसा से निकालकर विकास के रास्ते पर ले जाने का काम किया है। एक तरफ हमने हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया, दूसरी तरफ आदिवासी क्षेत्रों में विकास की गंगा बहायी। आज देश में 20 से कम जिलों में नक्सली बचे हैं। जिस तेजी से कार्रवाई हो रही है, उससे बहुत जल्द आदिवासी समाज को मुक्ति मिलेगी, आतंकवाद खत्म होगा, ये मोदी की गारंटी है।

**मछुआरों को भी किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा मिली:** देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति, ओडिशा की बेटी मुर्मू जी ने इस योजना के लिए मार्गदर्शन दिया है। इसके तहत आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी की मदद के लिए काम हो रहा है। मछुआरों के लिए पहली बार पीएम मत्स्य संपदा योजना बनायी गयी है। ये देशव्यापी है। मछुआरों को भी किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा मिली है। 25 हजार रुपए का विशेष फंड बनाने जा रही है। इसका लाभ मछुआरों को होगा, नौजवानों को होगा।

### 'ओड़िशा आना जरूरी था, इसलिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को मना किया'

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी विदेश यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि अभी दो दिन पहले, मैं जी7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा में था। मेरी यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुझे फोन किया। उन्होंने कहा कि चूंकि आप पहले से ही कनाडा में हैं, तो वाशिंगटन क्यों नहीं आते? चलिए खाना खाते हैं और बात करते हैं। उन्होंने गर्मजोशी से निमंत्रण दिया। मैंने सम्मानपूर्वक कहा कि आपके निमंत्रण के लिए धन्यवाद, लेकिन मेरे लिए महाप्रभु की पवित्र भूमि पर जाना आवश्यक है। इसलिए मैंने विनम्रतापूर्वक उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, क्योंकि महाप्रभु के प्रति आपका प्रेम और भक्ति मुझे इस पवित्र भूमि पर खींच लायी।**



### बिहार: लालटेन-पंजे वाले कहते हैं परिवार का साथ, परिवार का विकास : पीएम मोदी

**सीवान (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सीवान के जसौली में सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राजद और कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि पंजे और लालटेन के शिकंजे ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था। आपने मिलकर बिहार में जंगलराज का सफाया किया है। नौजवानों ने बिहार की बदहाली के सिर्फ किस्से और कहानी सुनी हैं। उन्हें अंदाजा नहीं है जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। उन्होंने कहा कि राजद बाबा साहेब को अपने पैरों में रखती है। मोदी उन्हें अपने दिल में रखता है। राजद और कांग्रेस बिहार और निवेश विरोधी हैं। प्रधानमंत्री ने करीब 10 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत को हरी झंडी दिखायी।**

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक

# जेएसएससी की परीक्षा अब दो चरणों में होगी

- कैबिनेट ने दी 26 प्रस्तावों को मंजूरी
- रांची में साइकिल, ट्रैक और 4 लेन के लिए राशि मंजूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की स्नातक स्तरीय परीक्षाओं के नियमों में संशोधन संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा (स्नातक स्तर) संचालन नियमावली, 2015 में आवश्यक संशोधन को स्वीकृति दी। इसके तहत जेएसएससी अब स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा दो चरणों में आयोजित करेगा। प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा ली जायेगी। अगर आवेदन 50,000 से कम होंगे, तो परीक्षा एक ही चरण में ली जायेगी। पहले 2021 में परीक्षा एक चरण में लेने की व्यवस्था थी, लेकिन अब यह प्रक्रिया दो चरणों में होगी। इसके अलावा खूंटी में महिला कॉलेज बनाने, इचागढ़ में डिग्री कॉलेज के लिए राशि समेत कुल 26 प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

**झारखंड हिंदू न्यास बोर्ड को तीन करोड़ का अनुदान:** सरकार ने झारखंड हिंदू न्यास बोर्ड को हर साल तीन करोड़ रुपये अनुदान देने का फैसला लिया है। इसके अलावा झारखंड राज्य लेजिसलेटिव फोरम ऑफ एचआइवी-एड्स के गठन का निर्णय लिया गया। उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर खूंटी में महिला कॉलेज स्थापना के लिए 57 करोड़ की मंजूरी दी गयी। वहीं, ईचागढ़ में डिग्री कॉलेज स्थापना के लिए 38.76 करोड़ की स्वीकृति दी गयी।

**फोर लेन सड़क के लिए 141 करोड़ रुपेय की मंजूरी:** रांची-अरगोड़ा चौक-रिंग रोड तक फोर लेन सड़क के लिए 141 करोड़ और विवेकानंद स्कूल मोड़ से रिंग रोड तक साइकिल ट्रैक और सर्विस रोड निर्माण के लिए 301 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। राज्य सरकार ने सिपाही से लेकर जीपी स्तर तक के कर्मियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक देने का निर्णय लिया है। पहले यह पदक केवल पुलिस पदाधिकारियों को दिये जाते थे। विशिष्ट सेवा पदकों की संख्या 10 से बढ़ाकर 21 और पुलिस पदकों की संख्या 31 से बढ़ाकर 60 कर दी गयी है।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- उच्च न्यायालय के निर्देश पर स्वर्गीय उमेश कुमार सिंह के पुत्र को नौकरी में प्रोन्नति।
- उच्च न्यायालय के निर्देश पर स्वर्गीय अमित कुमार के सेवा संपुष्ट को मंजूरी
- कुंदन कुमार की सेवा नियमित करने के प्रस्ताव को मंजूरी।
- झारखंड राजकीयकृत विद्यालय नियमावली को मंजूरी।
- गुरचरण सिंह सलूजा की बर्खास्तगी को बहाल रखने के प्रस्ताव को मंजूरी
- झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद संशोधन नियमावली को मंजूरी
- दुमका और पलामू में डिप्लोमा राजकीय फार्मेसी संस्थान के लिए 58 पद सृजित करने की स्वीकृति।
- झारखंड राज्य आवास बोर्ड संशोधन विनियमावली को मंजूरी
- राजपत्रित पदाधिकारियों को मोबाइल के लिए 25 हजार रुपये देने की मंजूरी।
- एनसीसी के कैडेट्स को मिलने वाले दैनिक भत्ते में वृद्धि
- कोर कैपिटल में प्रस्तावित ताज होटल निर्माण कार्य में आंशिक बदलाव को मंजूरी

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग कर सभी जिलों के उपायुक्तों से की बात

# अतिवृष्टि में हुए नुकसान का आकलन कर विभाग को भेजें रिपोर्ट: हेमंत सोरेन

- जिलों में स्थापित कंट्रोल रूम को सक्रिय रखने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ संवाद किया। उन्होंने राज्य में हो रहे भारी बारिश को देखते हुए अधिकारियों को पूर्ण रूप से अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों से कहा है कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या से आम जनमानस को निजात दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाये जायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे सड़क, पुल-पुलिया, घर, फसल इत्यादि को हुए नुकसान का आकलन कर राज्य सरकार को तत्काल रिपोर्ट भेजी जाये, ताकि प्रभावित लोगों को राहत और मुआवजा देने में किसी तरह का कोई विलंब नहीं हो। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि जिलों में स्थापित कंट्रोल रूम को पूर्ण रूप से सक्रिय रखें। अतिवृष्टि को देखते हुए वॉटरफॉल, बराज इत्यादि पर्यटन स्थलों में किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए एनडीआरएफ की टीम के साथ-साथ स्थानीय लोगों का भी सहयोग लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वॉटरफॉल में आवश्यकता के अनुरूप सुरक्षा कर्मी भी तैनात रखें।

हेमंत सोरेन ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र जहां जल जमाव की स्थिति है, वहां छिड़काव कार्य करें ताकि इसकी वजह से बीमारियां उत्पन्न नो हो। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में सर्प दंश (स्नेक बाइट) के भी ज्यादा मामले आते हैं, ऐसे में सभी जरूरी दवाइयां स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कराये जायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मॉनसून की शुरुआत में ही भारी बारिश हो रही है, ऐसे में यह जरूरी है कि बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं से निपटने की पूरी तैयारी पहले से ही रखें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि भारी बारिश के कारण सड़क, पुल, पुलिया से संबंधित जो भी क्षति पहुंची है उसकी शीघ्र मरम्मत हो। उन्हेंने निर्देश दिया कि किसी भी पुल या ब्रिज के धंसने का एक और मुख्य कारण अवैध बालू निकासी हो सकता है, इसकी भी जानकारी लें तथा ऐसे कार्यों पर अविलंब रोक लगायें। इस मौके पर मौके पर स्वस्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार मौजूद थे।













आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# बैंक ऑफ इंडिया का कस्टमर आउटरीच कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा देशव्यापी ग्राहक जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत रांची अंचल ने शुक्रवार को झारखंड चैंबर भवन, रांची में एक भव्य कस्टमर आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फील्ड महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड ने की। इस अवसर पर 148 लाभुकों को कुल ? 63.26 करोड़ के ऋण स्वीकृत कर चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। श्री गोंड ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया सदैव सामाजिक व आर्थिक समावेशन के लिए प्रतिबद्ध रहा है। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों से आये सम्मानित ग्राहकों को व्यक्तिगत व व्यवसायिक ऋण योजनाओं की जानकारी दी गयी। उप महाप्रबंधक एसएलबीसी सी गोपाला कृष्णा और संतोष कुमार सिंह ने भी समारोह में शिरकत की। कार्यक्रम का समापन उप आंचलिक प्रबंधक बनिता महापात्रा एवं अशीम कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। मंच संचालन स्वाति कुमारी प्रसाद ने किया।

कार्यक्रम में अंचल मार्केटिंग प्रमुख अनुराग वर्मा, प्रबंधक नजमुल होदा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## झारखंड गो सेवा आयोग की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

# अमूल ब्रांड की तरह झारखंड में भी एक बड़ा ब्रांड स्थापित करने की जरूरत : सुदिव्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड गो सेवा आयोग की ओर से पारिस्थितिकी संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला सह संगोष्ठी का शुक्रवार को पशुपालन भवन हटिया में समापन हुआ।

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि सफेद क्रांति (मिल्क क्रांति) और अमूल ब्रांड वाले राज्य गुजरात से एक्सपर्ट झारखंड आये हैं। यहां भी अमूल के बराबर का ब्रांड खड़ा किया जा सके। तो खुशी होगी। उन्होंने सरकार द्वारा सब्सिडी का लाभ कृषकों को दिये जाने में बिचौलिए तंत्र के हावी होने पर चिंता जतायी। मंत्री ने कहा कि इस वर्कशॉप के जरिए खुशनुमा ढांचा तैयार होगा। यहां के बच्चों के कुपोषण को दूर करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि



महिलाओं के साथ-साथ हम सब गाय को भी माता का दर्जा देते आये हैं। इन दोनों को ईश्वर का दर्जा देते हैं। इसलिए गौ सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करके खुशी हो रही है। उन्होंने गो पालन को रोजगार से जोड़ने की बात कही। कहा कि पहले गो पालन एक सामान्य विषय था पर अब इससे रोजगार को भी जोड़ना जरूरी है। मौके पर मंत्री ने अलग-अलग राज्यों से आये साइंटिस्ट्स को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि जब वे केंद्र में मनमोहन सिंह सरकार में फूड प्रोसेसिंग मंत्री थे, उस समय भी इस विभाग के जरिए डेयरी, गौरक्षा पर कार्य हुए थे। इसे प्रोत्साहन दिया गया था। कार्यशाला में केशव महतो कमलेश ने कहा कि जिस तरह से समुद्र मंथन से कामधेनु गाय निकली थी, उसी तरह इस कार्यशाला के जरिए महत्वपूर्ण इनपुट निकलेगा जो झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने गो सेवा आयोग के स्तर से किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उपाध्यक्ष राजू गिरी ने राज्य में गो सेवा के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पर जोर दिया। कार्यशाला के दूसरे दिन पंचगव्य चिकित्सा और नस्ल संरक्षण पर दो अलग-अलग सत्र का आयोजन हुआ। जहां देश विदेश के कई प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर आइसीएआर के प्रतिनिधि, पूर्व सांसद वल्लभभाई कथीरिया, आयोग के सचिव डॉ संजय प्रसाद, निबंधक डॉ मुकेश मिश्रा, पशु चिकित्सक डॉ प्रभात पांडेय, डॉ जय तिवारी, विभिन्न गोशालाओं के संचालक, किसान सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में मोती की खेती पर कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची में सोसाइटी फॉर अर्थ ऑब्जर्वेशन एंड कंजर्वेशन (एसइओसी) और आइक्यूएसी द्वारा शुक्रवार 20 जून को मोती की खेती पर इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों के लिए मीठे पानी के मोती की खेती को बढ़ावा देने में सरकार की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे ने आमंत्रित वक्ता झारखंड सरकार के मत्स्य विभाग निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी का स्वागत किया और मत्स्य क्षेत्र के विकास और इसकी आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। वक्ता डॉ एचएन द्विवेदी ने संसाधन व्यक्ति के रूप में मीठे पानी में मोती की खेती को बढ़ावा देने में सरकार की भूमिका और झारखंड में मोती की खेती की स्थिति पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने झारखंड में मोती की खेती की स्थिति और दायरे को विस्तार से समझाया, जो एक उभरता हुआ जलीय कृषि क्षेत्र है। कार्यक्रम में उप प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज, एसजे, डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, एसजे, झारखंड के मोती उद्यमी बुढ़न सिंह पूर्ति, डॉ प्रिया श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार पट्टक, अतीया दरखशां और समृद्ध सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्राणिशास्त्र विभाग के डॉ रितेश कुमार शुक्ला की देखरेख में किया गया।

# ब्यूरोक्रेट्स साथ दें तो एक साल में रांची को नंबर वन शहर बनायेंगे : संजय सेठ

**स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपने जीवन में सभी लोग उतारें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि 21 जून को पूरा देश 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनायेगा। पूरे देश भर में एक लाख जगह पर और 175 देश में योग किया जायेगा। रक्षा राज्य मंत्री सेठ शुक्रवार को अरगोड़ा स्थित सांसद कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश के लोग निरोगी रहें। इसका असर है कि आज पूरा विश्व योग को अपनाकर अपने स्वास्थ्य जीवन का लाभ ले रहे हैं। कोरोना काल में लोगों ने योग को अपनाकर अपनी जान बचायी प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से हम लोग सभी योग के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। वे कांके के कुम्हारिया गांव में प्रधानमंत्री स्कूल में शनिवार को ग्रामीणों के साथ योग करेंगे। इस योग कार्यक्रम में 20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे।




संजय सेठ ने कहा कि लगातार बारिश से जो रांची में हुआ, वह नहीं होना चाहिए था। इसका दोषी कौन है, मैं कोई राजनीति नहीं करना चाहता, मैं रांची को बचाने आया हूं। रांची नगर निगम की अकर्मण्यता के कारण रांची के चारों तरफ पानी भरा हुआ है। हर तरफ घर, दुकान में पानी घुसा है। यह सब नगर निगम की अकर्मण्यता के कारण है। रांची के लोगों का जीवन नारकीय बन गया है। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेट्स अगर साथ दें तो हम इंदौर को पछाड़कर रांची को एक साल में एक नंबर शहर बनायेंगे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि रांची की ऐसी नारकीय स्थिति का एक बड़ा कारण नगर निगम का चुनाव नहीं होना भी है। चुनाव होने के बाद संबंधित वार्ड सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की देखरेख और साफ सफाई की जिम्मेदारी लेते हैं। इसके परिणाम स्वरूप जल जमाव नहीं हो पता है। पार्षद सालों भर अपने-अपने मोहल्लों की नालियों की सफाई करते रहते हैं परंतु चुनाव नहीं होने से पूरी व्यवस्था चरमरा गयी है। यह सोचने वाली बात है कि पहाड़ी इलाका रांची जलमग्न कैसे हो रहा है? आखिर नगर निगम के चुनाव क्यों नहीं हो रहे हैं। इसके लिए जिम्मेदार कौन है। दो दिन की बारिश में लोगों के करोड़ों रुपये की संपत्ति बर्बाद हुई इसका जिम्मेदार कौन है। उन्होंने कहा कि जहां-तहां बड़े-बड़े नालों पर अतिक्रमण भी जलजमाव का एक बड़ा कारण बन चुका है। बड़े-बड़े नालों की सफाई नहीं हो पाती है, जिस वजह से कई मोहल्ले डूबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब शहर का यह हाल है तो ग्रामीण क्षेत्रों का क्या हाल होगा। बिजली आपूर्ति की भी वही दुर्दशा है पूरा शहर और गांव अंधकार में है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन रांची वासियों की चिंता करे और प्राथमिकता के आधार पर इस दिशा में काम शुरू होना चाहिए। योग दिवस के अवसर पर सभी सभी मंडल के बीच केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री की ओर से योग किट वितरण किया गया। इस प्रेस वार्ता में रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू महामंत्री बलराम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# नगर निगम में भ्रष्टाचार भाजपा के कार्यकाल में हुआ : डॉ तनुज खत्री

**सीपी सिंह ने नगर विकास मंत्री रहते हुए रांची की ड्रेनेज व्यवस्था को पूरी तरह चौपट कर दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची से सांसद संजय सेठ द्वारा शुक्रवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि संजय सेठ की यह प्रेस कांफ्रेंस दरअसल अपने ही विधायक सीपी सिंह को आईना दिखाने के लिए थी। उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम को भाजपा के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और टकराव की राजनीति का गढ़ बना दिया गया था। मेयर और डिप्टी मेयर के बीच की खींचतान ने पूरे नगर निगम को पंगु बना दिया, जहां सिर्फ टेंडर मैनेजमेंट और कमीशनखोरी का खेल चलता रहा। डॉ तनुज ने आगे



कहा कि सीपी सिंह ने नगर विकास मंत्री रहते हुए रांची की ड्रेनेज व्यवस्था को पूरी तरह चौपट कर दिया, जिसका दंश आज तक रांची झेल रहा है। उन्होंने कहा कि रांची की सड़कों पर बहता पानी और गड्ढों में तब्दील होती सड़कें इस बात की गवाही हैं कि भाजपा शासन में नगर प्रबंधन केवल नाम का था। डॉ तनुज ने कहा कि जब भी बारिश में रांची की स्थिति बदतर होती है, संजय सेठ प्रेस कांफ्रेंस कर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश करते हैं, जबकि वे स्वयं पिछले पांच वर्षों से इस क्षेत्र के सांसद हैं। जनता अब बहाने नहीं, जवाबदेही चाहती है।

## जलजमाव पर कांग्रेस का भाजपा पर वार: 200 करोड़ की नालों में डूबी रांची

**रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा शुक्रवार को रांची में दिये गये बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा और विधायक सीपी सिंह पर बड़ा हमला बोला। रांची में जलजमाव की असली वजह भाजपा सरकार के समय 200 करोड़ खर्च कर बनाये गये नाले और सीवरेज-ड्रेनेज के नाम पर करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार और घोटाला को जलजमाव और आज हरमू नदी को नदी से नाला बनने का कारण बताया, जहां डिप्टी मेयर अपने पुत्र को निगम का टेंडर देने में मशगूल रहे और जनता की परेशानियों का कोई ध्यान नहीं रखा गया।**

# हमें भाषा और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए: राज्यपाल

## राज भवन में बंगाल स्थापना दिवस समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि हमारा भारतवर्ष विविधताओं का देश है। यहां की भाषाएं, परंपराएं, संस्कृति और रीति-रिवाज अत्यंत समृद्ध हैं। हम सब एक सूत्र में बंधे हुए हैं, यही विविधता में एकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और यह पूरी दुनिया के सामने एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। राज्यपाल शुक्रवार को राज भवन में आयोजित बंगाल स्थापना दिवस समारोह में झारखंड में निवास कर रहे बंगालवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें न केवल अपनी भाषा और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए, बल्कि अन्य राज्यों की भाषा और संस्कृति का भी आदर करना चाहिए। इस दिशा में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आरंभ किया गया एक भारत, श्रेष्ठ भारत एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों के बीच एकता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने कहा कि झारखंड और बंगाल, ये दो राज्य न केवल भौगोलिक रूप से जुड़े हैं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी एक-दूसरे के अत्यंत निकट हैं। झारखंड में रह




रहे बंगाली समुदाय ने राज्य की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति में जो योगदान दिया है, वह अत्यंत सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि बंगाल की भूमि सृजन, विचार और सांस्कृतिक चेतना की भूमि रही है। इस राज्य ने राष्ट्रीय निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया है। बंगाल पुनर्जागरण से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक इस भूमि ने ऐसे महान चिंतकों, लेखकों, कवियों और क्रांतिकारियों को जन्म दिया जिन्होंने हमारी राष्ट्रीय चेतना पर अमिट छाप छोड़ी। इस भूमि ने रवींद्रनाथ टैगोर, शरतचंद्र, बंकिमचंद्र जैसे साहित्य के स्तंभ दिये, जिनकी लेखनी ने विश्व स्तर पर भारतीय अस्मिता को पहचान दिलायी। उन्होंने कहा कि बंगाल ने समाज सुधार और स्वतंत्रता संग्राम के क्षेत्र में भी देश को नयी दिशा दी। राजा राम मोहन राय ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध बिगुल फूंका, वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजादी के आंदोलन को अद्भुत साहस और दृढ़ संकल्प के साथ नयी गति दी। बंगाली समाज ने परंपरा और आधुनिकता के संतुलन का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह संपूर्ण भारत के लिए प्रेरणादायक है। राज्यपाल ने कहा कि बंगाल की जनता उत्सवप्रिय होती है और अपने त्योहारों को श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाते हैं। दुर्गा पूजा और काली पूजा जैसे पर्वों में देश के कोने-कोने से लोग सम्मिलित होते हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि औद्योगिक और आर्थिक दृष्टि से भी देश के अग्रणी राज्यों में रहा है। जूट, कपड़ा, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्र में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

## रांची में तीन दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन

# तीन दिनों तक एक से बढ़कर एक वेराइटी के मिलेंगे केमिकल फ्री मैंगो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फलों का राजा 'आम' के मीठे और रसीले स्वाद के क्या कहने। हर किसी की पसंद के आम की खास प्रदर्शनी और बिक्री शुक्रवार से रांची में लगे तीन दिवसीय आम महोत्सव में शुरू हुई है। नाबार्ड और झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में बैंक के प्रधान कार्यालय के प्रांगण में इस महोत्सव का आयोजन हुआ है।

आम महोत्सव की खासियत यह है कि यहां जो भी आम की वैरायटी लेकर फल उत्पादक किसान पहुंचें हैं, वह सभी केमिकल मुक्त और कार्बाइड मुक्त हैं। आम महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में आरबीआइ के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रकाश सिंह, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम सिंह, महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गौड़, एसएलबीसी के मदन मोहन बरियार और जेआरजी बैंक की अध्यक्ष विभा सिंह शामिल हुईं। आम महोत्सव के दौरान नाबार्ड



द्वारा उद्यानिकी में लगे किसानों को विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता राशि भी प्रदान की गयी।

नाबार्ड ने आम महोत्सव का आयोजन बाड़ी परियोजना के अंतर्गत कार्यरत आदिवासी किसान उत्पादक संगठन द्वारा उत्पादित रसायन मुक्त जैविक आमों को समर्पित किया है।

**आम उत्पादक किसान पैक्स से जुड़े, सहकारी बैंक उन्हें केसीसी उपलब्ध करायेगा : विभा सिंह :** झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड की अध्यक्ष विभा सिंह ने आम महोत्सव के आयोजन पर खुशी जताते हुए कहा कि नाबार्ड से वह आग्रह करेंगी कि इस तरह के महोत्सव कम से कम तीन बार रांची में आयोजित हो और अन्य शहरों में भी यह आयोजित किये जायें। उन्होंने कहा कि राज्य का सहकारी बैंक आम उत्पादक किसानों और उनके समूह को हर तरह की मदद के लिए तैयार हैं। वह पैक्स से जुड़ें तो उन्हें केसीसी का लाभ भी उपलब्ध कराया जायेगा।

नाबार्ड के जीएम आर एस बजगवानी ने कहा कि किसानों का हित ही नाबार्ड का लक्ष्य है। उनके उत्पाद की बिक्री हो और उपभोक्ताओं को केमिकल मुक्त आम उपलब्ध हो, इस उद्देश्य को पूरा करने में यह महोत्सव सफल होगा।

इस मौके पर परिशेष पाठक, सुरेंद्र कुमार धीरज, दिलीप कुमार, श्याम प्रकाश पाठक, आनंद मोहन, अनुराग सोनम, अनुप कुमार, सुभाश कुमार, अनिंदो भट्टाचार्य, कुणाल कुमार, केशव नारायण सहाय, नीरज कुमार एवं रांची शाखा के प्रबंधक जयंत कुमार उपस्थित थे।

## ये आम सिर्फ फल नहीं, ये एक पूरी यात्रा की कहानी है : गौतम सिंह

**आम महोत्सव के उद्घाटन के बाद झारखंड नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम सिंह ने कहा कि आम महोत्सव में आये ये आम सिर्फ फल नहीं हैं, बल्कि यह एक पूरी यात्रा की कहानी है। यह कहानी है आदिवासी किसानों की, जिन्होंने जैविक खेती अपना कर आत्मनिर्भरता की दिशा में अपने सशक्त कदम बढ़ाये हैं। नाबार्ड के सहयोग से बने एफपीओ, इन किसानों को बाजार से जोड़ते हैं और यही इस महोत्सव की आत्मा है। नाबार्ड झारखंड के मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि तीन दिवसीय आम महोत्सव में आम्रपाली, मल्लिका, लंगड़ा, मालदा, गुलाबखास, बंबइया ग्रीन, हिमसागर जैसे बहुचर्चित और स्वादिष्ट किस्म के आम की प्रदर्शनी सह बिक्री के लिए स्टॉल लगाये गये हैं, जो झारखंड के अलग-अलग जिलों के 61 बाड़ी क्लस्टर में बिना किसी रासायनिक खाद या कीटनाशक के उगाये गये हैं।**

# आरयू के वीसी का अतिरिक्त प्रभार नीलांबर-पीतांबर के वीसी को मिला

## डीएसपीएमयू के वीसी का प्रभार रांची के आयुक्त को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विवि के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा सेवानिवृत्त हो गये हैं। रांची विवि के वीसी का अतिरिक्त प्रभार नीलांबर पीतांबर विवि पलामू के वीसी डॉ दिनेश कुमार सिंह को दिया गया है। राज्यपाल सचिवालय से 20 जून को इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। वहीं डीएसपीएमयू के वीसी प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य भी सेवानिवृत्त हो गये हैं। दक्षिण छोटानागपुर के आयुक्त को डीएसपीएमयू के वीसी का प्रभार दिया गया है। इस संबंध में भी अलग से एक आदेश राज्यपाल सचिवालय ने जारी किया है। दोनों की अधिसूचना राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी के हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

# सीएमपीडीआइ में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआई द्वारा स्वच्छता और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी सीएमपीडीआइ 16 से 30 जून, 2025 तक स्वच्छता हर किसी का काम है थीम के तहत सक्रिय रूप से स्वच्छता पखवाड़ा मना रही है। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन और महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने हेतु किया जा रहा है। एकल-उपयोग प्लास्टिक को कम करने और स्वच्छ पेयजल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीएमपीडीआइ द्वारा स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट प्रबंधन और जागरूकता अभियान इस पखवाड़ा के दौरान किया जायेगा। इस दौरान सीएमपीडीआइ के क्षेत्रीय संस्थान-2, धनबाद में एकल-उपयोग प्लास्टिक के स्थान पर जूट बैग के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैग का वितरण किया गया वहीं क्षेत्रीय संस्थान-4, नागपुर ने अपने कार्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त और नो-स्पिटिंग जोन घोषित किया और क्षेत्रीय संस्थान-5, बिलासपुर के कर्मियों ने प्रदूषण मुक्त जीवनशैली को प्रोत्साहित करते हुए जूट बैग वितरित किये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## महत्वपूर्ण खबरें

### मारवाड़ी महाविद्यालय की तीन छात्राओं का आइआइटी, खड़कपुर के वर्कशॉप में चयन

रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के एग्रीकल्चर एंड फूड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के द्वारा बायोमैन्युफैक्चरिंग ऑफ बायोपॉलीमर फॉर हाई परफार्मेंस यूजेज विषय पर आयोजित हैंड्स ऑन ट्रेंनिंग सह वर्कशॉप में मारवाड़ी कॉलेज की तीन छात्राओं का चयन किया गया है। इसमें मारवाड़ी कॉलेज के एमएससी बायोटेक्नोलॉजी की प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी पल्लवी और द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी वैद्या और मारवाड़ी महाविद्यालय के वनस्पतिशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ राजीव रजक के निर्देशन में शोध-कार्य कर रही शोधार्थी शीतल उरांव सम्मिलित हैं। डॉ रजक ने ही छात्राओं को वर्कशॉप के लिए प्रेरित किया है एवं मार्गदर्शन किया है। इस वर्कशॉप में पूरे भारतवर्ष से 20 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है जिसमें तीन छात्र-छात्राएं मारवाड़ी महाविद्यालय से ही हैं। 21 से 25 जून 2025 तक आयोजित इस वर्कशॉप में चयनित छात्र बायोपॉलीमर का उत्पादन एवं उसका विश्लेषण, बायोपॉलीमर उत्पादन के विस्तार संबंधी अध्ययन तथा बायोपॉलीमर की त्रिविमीय (3डी) मुद्रण की व्यावहारिकता पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मनोज कुमार ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह निश्चय ही मारवाड़ी महाविद्यालय और रांची विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

### रांची नगर निगम के नवनियुक्त नगर आयुक्त सुशांत ने संभाला पदभार



रांची (आजाद सिपाही)। रांची नगर निगम के नवनियुक्त आयुक्त और आइएएस अधिकारी सुशांत गौरव ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान प्रशासक संदीप सिंह ने उन्हें नगर आयुक्त का कार्यभार सौंपा और नयी जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जतायी कि सुशांत गौरव के नेतृत्व में नगर निगम का कामकाज और अधिक गति और पारदर्शिता से आगे बढ़ेगा। नये नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि रांची शहर के समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़क मरम्मत, ट्रैफिक प्रबंधन और डिजिटल सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में निगम पूरी सक्रियता से काम करेगा। पदभार ग्रहण समारोह के अवसर पर निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार, गौतम प्रसाद साहू, मुख्य अभियंता प्रवीण जयंत भेंगरा, नगर निवेशक, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सभी सहायक प्रशासक, कार्यपालक अभियंता, अधीक्षण अभियंता और कार्यालय अधीक्षक सहित कई अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

### झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ अध्यक्ष ने ग्रिड और सप्लाई कर्मियों से की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के मद्देनजर विद्युत कर्मियों की सुरक्षा को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने विभिन्न ग्रिड स्टेशनों और विद्युत आपूर्ति केंद्रों का दौरा किया और फील्ड में तैनात कर्मियों से मुलाकात कर उनकी कार्य स्थितियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बारिश के इस चुनौतीपूर्ण मौसम में बिजली से जुड़ा हर कार्य अत्यंत जोखिम भरा हो जाता है। ऐसे में कर्मचारियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सुरक्षा उपकरणों के बिना किसी भी कर्मी को फील्ड में भेजना सरासर लापरवाही होगी। अजय राय ने कहा कि विभाग को चाहिए कि वह सभी फील्ड कर्मचारियों को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा संसाधन, जैसे रेनकोट, रबर ग्लव्स, इंसुलेटेड टूल्स और प्राथमिक चिकित्सा किट उपलब्ध करायें। साथ ही किसी भी आपात स्थिति के लिए एक त्वरित संचार व्यवस्था और मॉनसून हेल्पलाइन की भी स्थापना की जाये। अजय राय ने कर्मचारियों से अपील की कि वे भी कार्य करते समय विशेष सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि गीले उपकरणों और खुले तारों से दूरी बनाये रखें। किसी भी संदिग्ध स्थिति की सूचना तुरंत अपने पर्यवेक्षक को दें। आपकी सुरक्षा ही राज्य की ऊर्जा सुरक्षा है। अंत में कहा कि विद्युत कर्मी रात-दिन हर मौसम में काम करते हैं, ताकि राज्य में उजाला बना रहे। उनके योगदान का सम्मान और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# सिद्धार्थ सिंघानिया को न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छत्तीसगढ़ के चर्चित कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को झारखंड एसीबी ने शराब घोटाले मामले में रायपुर से गुरुवार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद शुक्रवार को उसे ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया गया है। एसीबी ने सिद्धार्थ सिंघानिया को कोर्ट में पेश किया है। बता दें कि एसीबी की कोर्ट ने सिद्धार्थ के खिलाफ 12 जून को गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सिद्धार्थ सिंघानिया की उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पूर्व प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे के कार्यकाल में मई 2022 में लागू उत्पादन नीति में सक्रियता थी। सिद्धार्थ को रायपुर कोर्ट में पेशी के बाद ट्रांजिट रिमांड पर शुक्रवार को रांची लाया गया है। बता दें कि रांची के सदर अस्पताल में सिद्धार्थ का मेडिकल हो रहा है। इसके बाद उसे रांची के एसीबी कोर्ट में पेश किया गया। जहां उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



# पूर्व सांसद ने की मंत्री को पुस्तक भेंट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से उनके आवासीय कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू ने शुक्रवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी पुस्तक झारखंड एक सिंहावलोकन भेंट की। बलमुचू ने मंत्री को बताया कि यह पुस्तक झारखंड राज्य गठन, झारखंड आंदोलन, झारखंड की संस्कृति, संपदा, वन-पर्यावरण के संरक्षण और औद्योगिक विकास का समाज पर असर सहित राज्य की वर्तमान राजनीतिक हालात पर केंद्रित है। पुस्तक में झारखंड के निर्माण से लेकर अब तक की यात्रा का जिक्र किया गया है। इस अवसर पर मंत्री ने बलमुचू को बधाई और शुभकामनाएं दी। मंत्री शिल्पी ने कहा कि झारखंड के हर वर्ग के लिए यह पुस्तक लाभप्रद साबित होगा।

# राज्य के युवाओं को गुमराह कर रही है सरकार : बाबूलाल मरांडी

**कहा-सरकार जानबूझकर परीक्षा विज्ञापनों में ऐसी शर्तें जोड़ रही है, जिससे विवाद खड़ा किया जा सके**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर युवाओं को गुमराह करने और उन्हें नौकरी से वंचित रखने का आरोप लगाया है। उन्होंने जेटेट परीक्षा को लेकर सरकार की दोहरी नीति पर सवाल उठाया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरकार जानबूझकर परीक्षा विज्ञापनों में ऐसी शर्तें जोड़ रही है, जिससे विवाद खड़ा किया जा सके या उसे कोर्ट-कचहरी के चक्कर में फंसाया जा सके। उन्होंने गढ़वा, पलामू और खूंटी जैसे जिलों की सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि छात्रों के कीमती समय की भरपाई कौन करेगा? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की इस नीति से युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ गया है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरकार की यह नीति युवाओं के प्रति घोर अन्याय है। उन्होंने मांग की कि सरकार को युवाओं के हित में फैसला लेना चाहिए और परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाना चाहिए।

### 22 जुलाई से शुरू हो सकता है विधानसभा का मॉनसून सत्र

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र जुलाई के अंतिम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार, विधानसभा का मॉनसून सत्र 22 जुलाई से शुरू हो सकता है। इस सत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट समेत कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश होंगे। इस सत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जा सकता है। इसके अलावा, कई महत्वपूर्ण विधेयक भी सदन में पेश होने की उम्मीद है, जो राज्य के सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों को गति देंगे।

# वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ जनसभा 22 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन कानून 2025 के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वावधान में एक ऐतिहासिक जनसभा का आयोजन किया जायेगा। यह जनसभा रांची में 22 जून को बरियातू पहाड़ी मैदान में आयोजित होगी। यह जानकारी ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के सदस्य सह तहफ्फुज अवकाफ कान्फ्रेंस रांची के संयोजक डॉ मजीद आलम ने दी है। उन्होने कहा है कि केंद्र सरकार के नये वक्फ संशोधन कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड देश भर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी कड़ी में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के बैनर तले 22 जून को वक्फ संशोधन कानून के विरोध में बरियातू पहाड़ी मैदान रांची में तहफ्फुज-ए-अवकाफ कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। इस कान्फ्रेंस में बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर हीम, मुजद्दिद, प्रवक्ता डॉ कासिम रसूल इलियास, राज्यसभा सांसद मनोज झा, सांसद चौधरी इकरा हसन, राज्य सभा सदस्य इमरान प्रतापगडी, रामपुर सांसद मौलाना मोहिबुल नदवी, संबार के सांसद जियाउर्रहमान बर्क, सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद, कटिहार के सांसद तारिक अनवर, झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, राज्यसभा सांसद सरफराज, महुवा मांझी, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की के अलावा अन्य गणमान्य शामिल होंगे। डाक्टर मजीद आलम ने झारखंड के तमाम नागरिकों संगठनों सामाजिक कार्यकताओं, जन प्रतिनिधियों और युवाओं से इस ऐतिहासिक जनसभा में शांतिपूर्ण तरीके से भाग लेने की अपील की है। इस मौके पर ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के हजरत मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी, मजलिस उलेमा झारखंड के महासचिव मुफ्ती तल्हा नदवी, जमीयत उलेमा झारखंड के महासचिव मौलाना असगर मिस्बाही, मो आरिफ, जियाउल हक, मेराज गद्दी, सफदर इमाम, कमर अली, आकिब मिर्जा सहित अन्य मौजूद थे।

# पासवा ने छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियां तेज की

**अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित गठित कमेटी के सदस्यों को सौंपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह 23 जून 2025 की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने स्वयं उपस्थित रहकर समस्त जिम्मेदारियों का निरीक्षण किया और अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित गठित कमेटी के सदस्यों को सौंप दी। बैठक में मुख्य रूप से प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट्स), मेडल वितरण, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, मंच व्यवस्था, मीडिया समन्वय और अतिथि स्वागत इत्यादि बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। यह सुनिश्चित किया गया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों और अभिभावकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह पासवा का सबसे गरिमामय आयोजन है, जो विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण को सम्मानित करता है। हमारा प्रयास है कि यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के लिए एक प्रेरणा बने बल्कि अभिभावकों के लिए गर्व का क्षण भी बने। आलोक दुबे ने कहा जिन बच्चों या स्कूल ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है उनसे अनुरोध है कि जारी व्हाट्सएप नंबर 8210318387 पर अपना मार्कशीट भेज कर या सूची भेज कर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी तरह से सरल एवं निशुल्क है। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह केवल एक पुरस्कार समारोह नहीं, बल्कि यह भावी पीढ़ी को दिशा देने का प्रयास है। ऐसे आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे और बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं। बैठक में महासचिव सह राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा, अंकिता सिंह, राजनंदनी, साक्षी प्रिया, आरती कुमारी, अनामिका दुबे, तोशी कुमारी, अनन्या कुमारी भगत, वीणा कुमारी, खुशी कुमारी, आस्मां सुल्ताना, सहला निगार, श्रुति तिवारी, जान्हवी सिंह, रौनक जायसवाल, मोहम्मद शाहिद, अर्जुन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

### जल निकासी के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च फिर भी नहीं मिली राहत:विजय शंकर नायक



रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहा कि रांची में जलजमाव की समस्या को खत्म करने के लिए पिछले 10 वर्षों में 887 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गयी, लेकिन शहरवासियों को इस समस्या से निजात नहीं मिली। यह गंभीर मुद्दा है और जांच का विषय भी है। नायक ने कहा कि भाजपा, झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने जलजमाव समाधान के नाम पर खुलेआम लूट को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि इन सत्ता के मठाधीशों ने जनता को नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर कर दिया और जनता की सुविधाओं के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया है। नायक ने विभिन्न योजनाओं का हवाला देते हुए बताया कि सरकार ने बड़े-बड़े दावे किए, लेकिन धरातल पर कोई ठोस परिणाम नहीं दिखा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अमृत योजना, स्मार्ट सिटी मिशन, सौंदर्यीकरण और सुदृढ़ीकरण परियोजना और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं में भी जलजमाव की समस्या जस की तस रही।

# आदिवासी छात्र संघ ने अपनी मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस मुलाकात में झारखंड के पांचवीं अनुसूचित क्षेत्रों के 10+2 विद्यालयों में खड़िया सहित सभी जनजातीय मातृभाषाओं में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए प्राथमिकता देने की मांग की। खड़िया मातृभाषा के लिए शिक्षकों की नियुक्ति खड़िया मातृभाषा के लिए 10+2 विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए तत्काल पद सृजित किये जायें। **जनजातीय भाषाओं के लिए शिक्षकों की नियुक्तिः** पांचवीं अनुसूचित क्षेत्रों के सभी 10+2 विद्यालयों में खड़िया, कुड़ुख, मुंडारी, संताली, हो आदि भाषाओं के लिए न्यूनतम 100-100 शिक्षकों के पद सृजित किये जायें। **मातृभाषा में शिक्षा की सुविधाः** सभी विद्यालयों में छात्रों के जाति प्रमाणपत्र के आधार पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधा सुनिश्चित की जाये। **पाठ्यक्रम निर्माण और शिक्षक प्रशिक्षणः** राज्य की मान्यता प्राप्त जनजातीय भाषाओं के लिए पाठ्यक्रम निर्माण, पुस्तक प्रकाशन एवं शिक्षक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाये। **जागरूकता अभियानः** विद्यालयों में जनजातीय भाषाओं के संरक्षण व प्रचार-प्रसार के लिए राज्यस्तरीय जागरूकता अभियान चलाया जाये।इसपर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि आदिवासी छात्र संघ की मांगें जायज हैं और इस पर तुरंत विचार किया जायेगा। इस मौके पर केंद्रीय समिति, झारखंड अध्यक्ष राजू उरांव निशांत तिर्की, बीरेंद्र मुंडा, प्रभु टोप्पो, विष्णु कुमार, जिनिद खलखो सचिव, बिपिन मुंडा, सहावीर उरांव, लक्ष्मण उरांव, विवेक तिर्की, प्रदेशीय तिर्की, रोशन डुंगडुंग, ब्रीसियूस सोरेंग सनी सोरेंग, अनुपमा बिलुंग, किरण कुल्लू,सुनीता केरकेट्टा, रेडलिन केरकेट्टा, अमित तिग्गा, महादेव उरांव मौजूद थे।

### झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का चुनाव पांच से नौ जुलाई तक धनबाद में

# देवघर में टीम जितेंद्र किंडो ने लोगों से समर्थन मांगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/देवघर।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का छठा महाधिवेशन में चुनाव पांच से नौ जुलाई तक धनबाद में होगा। महाधिवेशन में एसोसिएशन की केंद्रीय कमेटी का चुनाव भी होना है। इसके मद्देनजर टीम जितेंद्र किंडो अध्यक्ष पद के उम्मीदवार, देवचंद मुंडा संगठन महामंत्री के उम्मीदवार, गुलाबचंद महतो कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार और विनोद पांडेय महामंत्री पद के उम्मीदवार अपनी टीम के साथ समर्थन मांगने देवघर पहुंचे। इनलोगों ने अपनी टीम के साथ पहले बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर जीत की कामना की। इसके बाद देवघर शाखा मेंस एसोसिएशन के साथ बैठक कर अपनी टीम के पक्ष में समर्थन मांगा।

जितेंद्र किंडो ने कहा कि हमेशा संथाल परगना उपेक्षित रहा है, लेकिन वे लोग संताल परगना को भी उचित प्रतिनिधित्व दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी टीम का मुख्य उद्देश्य राज्य के पुलिसकर्मियों के कल्याणकारी कार्यों का निष्पादन करवाना, पुलिसकर्मियों के लंबित भत्तों को नयी दर पर लागू करवाना, पुलिसकर्मियों को ससमय प्रशिक्षण कराना, पदोन्नति दिलवाना, एसीपी/एमएसीपी का लाभ दिलवाना तथा पुलिसकर्मियों के हर एक समस्या को सरकार सहित प्राधिकार स्तर पर समाधान कराना है। इस मौके पर टीम के प्रत्याशी परमेश्वर लकड़ा, अजय खा-खा, मानसिंह मुर्मू, श्यामलाल टुडू, भीखु पासवान, लालेश्वर राम, तपेश यादव, नरेश यादव, छोटेलाल महतो, चंद्रशेखर महतो, सत्यनारायण मेहता, वैभव पाठक, ब्रजेश पांडेय, नीरज कुमार सिंह, प्रहलाद महथा, कामदेव राय, दिनेश राय, मोहम्मद आफताब आलम मौजूद थे।

### भाजपा नेता को भातृशोक



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो के चचेरे अग्रज 79 वर्षीय हाइस्कूल से सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक लहरा महतो का निधन हो गया। वे लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। सोनाहातु के राढू नदी के तट पर उनका अंत्येष्टि की गयी। श्री महतो सेवानिवृत्त होने के उपरांत भी सामाजिक कार्यों में बढ़- चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन पर शिक्षक संघ के अलावे कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने शोक प्रकट करते हुए निधन को अपूरणीय क्षति बताया है।शोक प्रकट करने वालों में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, सांसद प्रो आदित्य साहू, धीरज महतो, भजोहरी महतो, देवेंद्र महतो, परमेश्वर महतो, रेखा महतो, रामप्रसाद महतो, पिनाकी महतो, जवाहर महतो, ज्योति प्रसाद कोइरी, विजय सिंह मुंडा, मनोज कुमार, चमन कुमार आदि शामिल हैं।

AFFIDAVIT

As per Affidavit Serial No.556 Date:20/06/2025 I, LILAWATI DEVI, W/o- ARJUN GOP, aged about 55 years, by faith- Hindu by Nationality Indian, R/o At- Near Railway Siding, New Bairek, Bhurkunda, P.O.- Bhurkunda, P.S.-Patratu, Distt.-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1.That my actual & correct name is LILAWATI DEVI which has been Mentioned in my Voter ID Card bearing ID Card no. MKJ7693153.
2. That due to mistake my name is mentioned as LILAMATI DEVI in my adhar Card vide UID No. 6892 2213 9956.
3.That LILAWATI DEVI and LILAMATI DEVI both names are of same and single lady i.e. myself.
4.That this affidavit is required for needful authority concern.
5 That the above statements are true and correct

## ‘अमेरिका दूर रहे’

क्या ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका भी कूदेगा? अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब इस मुद्दे पर कहते हैं कि 'मैं ऐसा कर सकता हूं और नहीं भी कर सकता' - तो वह अनिश्चितता को और बढ़ा देते हैं। इस रवैये से तनाव कम करने में मदद नहीं मिलने वाली। अगर अमेरिका इस टकराव का हिस्सा बना, तो इसके नतीजे उसके साथ-साथ पूरे पश्चिम एशिया के लिए विनाशकारी साबित हो सकते हैं।

**आम लोग निशाना :** इस्त्राइल और ईरान के बीच का संघर्ष केवल सैन्य या रणनीतिक लिहाज से अहम ठिकानों तक सीमित नहीं रहा है। इसका दायरा फैल रहा है और जद में आम लोग आ रहे हैं। लेकिन, यूक्रेन युद्ध रुकवाने को आतुर ट्रंप का व्यवहार इस मामले में बिल्कुल अलग है। ईरान से बिना शर्त सरेंडर जैसी बात कहने से यही जाहिर होता है कि अमेरिका की दिलचस्पी शांति में नहीं है।

**जोखिम की वजह :** ट्रंप सारे पत्ते अपने हाथ में रखना चाहते हैं। उनके कहने पर अमेरिकी सेना तैयार है। खबरें हैं कि ईरान ने भी पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के लिए मिसाइलें तैनात कर दी हैं। यानी, अब एक ट्रिगर पॉइंट इस संघर्ष को भयावह युद्ध में बदल सकता है। ट्रंप इतना बड़ा रिस्क इसलिए लेना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के बहुत करीब है। हालांकि इस मामले में कोई निश्चित रिपोर्ट नहीं है।

> अगर अमेरिका युद्ध में शामिल हुआ, तो लड़ाई बस ईरान तक सीमित नहीं रहेगी। यूएइ, सऊदी अरब, जॉर्डन समेत इस इलाके के कई देशों में अमेरिकी सेना तैनात है और ईरान उन्हें निशाना बनाने की कोशिश करेगा, जिससे ये मुल्क भी हिंसा की चपेट में आ जायेंगे।

**पुरानी गलतियां :** अमेरिका ने इस सदी की शुरुआत में भी ऐसी ही एक गलती की थी - इराक के खिलाफ युद्ध। जनसंहार के जिन हथियारों की खोज के नाम पर उसने इराक में तबाही फैलायी, वे कभी मिले ही नहीं और हजारों अमेरिकी सैनिकों को जान गंवानी पड़ी। इराक आज भी अस्थिर है। वॉशिंगटन को ऐसा ही कड़वा घूंट अफगानिस्तान में भी पीना पड़ा। ईरान की स्थिति इन दोनों के मुकाबले मजबूत है।

**कई मोर्चे खुल जायेंगे :** अगर अमेरिका युद्ध में शामिल हुआ, तो लड़ाई बस ईरान तक सीमित नहीं रहेगी। यूएइ, सऊदी अरब, जॉर्डन समेत इस इलाके के कई देशों में अमेरिकी सेना तैनात है और ईरान उन्हें निशाना बनाने की कोशिश करेगा, जिससे ये मुल्क भी हिंसा की चपेट में आ जायेंगे। एक डर यह भी है कि ईरान के समर्थन हूती जैसे लड़ाके गुट भी अलग-अलग मोर्चा खोल सकते हैं।

**आर्थिक तबाही :** ईरान ने अभी तक ग्लोबल ऑयल सप्लाई को नहीं छुआ है। लेकिन, मौजूदा नेतृत्व के सामने अस्तित्व का संकट आया, तो वह पूरी ताकत से जवाब देगा और नतीजा दुनिया के लिए आर्थिक तबाही भी लेकर आयेगा। अमेरिका ने कई मौकों पर गलत अनुमान लगाये हैं - अपने अतीत से उसे इतना तो सबक लेना ही चाहिए।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

26 मई 2014 को पहली बार भारत के प्रधान सेवक के रूप में शपथ लेने के 5 महीने बाद ही 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व समुदाय को भारत की अनूठी सांस्कृतिक विरासत परंपरा योग से दुनियां को परिचित कराया। और यह सनातन की ताकत ही है कि जैसे विवेकानंद के एक वाक्य ने दुनियां को सम्मोहित कर दिया था उसी प्रकार नरेंद्र मोदी के एक आह्वान ने विश्व को आकर्षित कर लिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतिहास में पहली बार सर्वाधिक 177 देशों के समर्थन से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित हुआ।

# योग सूत्रों की कसौटी पर खरी उतरती मोदी सरकार



**शिवपूजन पाठक**




11 सितंबर 1893 का वह ऐतिहासिक और स्वर्णाक्षरों में अंकित दिन जब अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्व धर्म संसद में भारत के एक युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद जिनका पूर्व नाम नरेंद्र था, ने भारत की सांस्कृतिक सनातन परंपरा को विश्व क्षितिज पर महिमा मंडित किया। और संयोग देखिए उसके 121 वर्ष बाद भारत माता का दूसरा सपूत जिसे दुनियां नरेंद्र मोदी के रूप में जानती है बतौर प्रधानमंत्री भारत का संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रतिनिधित्व करते हुए पुनः भारत का सांस्कृतिक ध्वज ऊंचा किया।

26 मई 2014 को पहली बार भारत के प्रधान सेवक के रूप में शपथ लेने के 5 महीने बाद ही 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व समुदाय को भारत की अनूठी सांस्कृतिक विरासत परंपरा योग से दुनियां को परिचित कराया। और यह सनातन की ताकत ही है कि जैसे विवेकानंद के एक वाक्य ने दुनियां को सम्मोहित कर दिया था उसी प्रकार नरेंद्र मोदी के एक आह्वान ने विश्व को आकर्षित कर लिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतिहास में पहली बार सर्वाधिक 177 देशों के समर्थन से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित हुआ। आज दुनिया के 190 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया जाता है। भारत के ऋषि मुनियों की अमूल्य साधना से दुनियां लाभान्वित हो रही है। आज योग दिवस के 10 वर्ष पूरे हुए। दुनिया आज 11वां विश्व योग दिवस मना रही।

> आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का शरीर, मन और आत्मा तीनों का पोषण हो रहा।

योग सनातन संस्कृति की आत्मा है। योग विज्ञान है,साधना है, समन्वय है, आत्मा का परमात्मा से संवाद है। यह केवल शरीर विज्ञान नहीं बल्कि मन, बुद्धि, आत्मा को संतुलित करने की कला है।

भारतीय सनातन परंपरा के महान चिंतक और उपासक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने एकात्म मानव दर्शन में जड़ चेतन सब में एक ही परमात्मा के स्वरूप का दर्शन करते हुए उनकी सेवा उनके सदुपयोग का विचार दिया है। मनुष्य की तरह ही एक राष्ट्र की अपनी चित्ति होती है। आत्मा होती है। शरीर, मन और बुद्धि होती है। व्यक्ति या राष्ट्र केवल शारीरिक सुखों से खुश नहीं हो सकता बल्कि उसके जीवन को आनंद की पूर्णता आत्मा के अनुकूल व्यवहार करके ही किया जा सकता है। और इसमें योग के सूत्र सहायक सिद्ध होते हैं।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का शरीर, मन और आत्मा तीनों का पोषण हो रहा। पिछले 11 वर्षों से देश की बुनियादी सुविधाओं सड़क, बिजली, पानी, हाइवे, एयरपोर्ट, एम्स आइआइटी, आइआइएम फ्लाई ओवर, बड़े बड़े ब्रिज का निर्माण यही तो भारत का शारीरिक सुदृढ़ीकरण है। आज ग्रामीण और शहरी भारत एकसाथ मजबूत हो रहे। साथ ही साथ गरीब कल्याण अन्न योजना, किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस योजना, उजाला विद्युत योजना, जनधन खाता, प्रधानमंत्री आवास ,आयुष्मान भारत योजना सॉइल हेल्थ कार्ड जैसी योजनाएं इसकी शोभा बढ़ा रहे।

धारा 370 की समाप्ति तीन तलाक पर सख्त कानून,महिलाओं केलिए 33% आरक्षण, पद्म पुरस्कारों में उचित हकदारों का सम्मान, पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा, बाबा साहब अंबेडकर से जुड़े स्थलों का विकास, भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजाति गौरव घोषित, गुलामी के प्रतीक चिन्हों को हटा कर भारत के महापुरुषों के नाम पर स्थलों का नामकरण, सरदार बल्लभभाई पटेल की स्टैचू ऑफ यूनिटी,भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति केलिए एक आदिवासी महिला का चयन, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर ये सभी ऐसे कार्य हैं, जो भारत के मन को तृप्ति प्रदान करते हैं।

मोदी सरकार केवल शरीर मन और मन तक ही नहीं रुकी, बल्कि भारत की आत्मा के पोषण की दिशा में कार्य किए हैं। 500 साल की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण, तिरपाल से हराकर भव्य सिंहासन पर राम लला की स्थापना के साथ काशी विश्वनाथ कोरिडोर, महाकाल मंदिर कोरिडोर का निर्माण, इसके उदाहरण हैं। यह ध्यान देने वाली बात है कि एक साथ इतने कार्यों को कोई योग साधक ही साकार कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें सिद्धहस्त हैं। उन्होंने योगसूत्रों को अक्षरशः जीवन में उतारा है।

यदि आज नरेंद्र मोदी का शासन सुशासन है, तो योग के संबंध में गीता में श्री कृष्ण की यह उक्ति.. योग कर्मसू कौशलम अर्थात कार्यों की कुशलता ही योग है, चरितार्थ होता है। प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका विकास समत्वं योग उच्चयते को परिभाषित करता है। राग द्वेष से परे सभी परिस्थितियों में देश के सभी नागरिकों की चिंता और यदि ये सभी कार्य बिना अहंकार के नर सेवा नारायण सेवा और राष्ट्र सेवा के भाव से किया जाता है तो यही योगः चित्त वृत्ति निरोध है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पराक्रम में भी अहंकार नहीं दिखाया। चाहे संसद भवन निर्माण में लगे मजदूर हों या फिर कुंभ के अवसर पर सेवा में जुटे सफाई कर्मी, राम मंदिर निर्माण में जुटे कारीगर सभी के प्रति प्रधानमंत्री ने कृतज्ञता व्यक्त की है। सरकार के मंत्रीगण और शीर्ष अधिकारियों की गाड़ियों से लाल पीली बत्ती को हटाना अहंकार बोध को कम करने की ही सोच है। इस प्रकार हम देखे तो भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार योग सूत्रों पर पूरी तरह खरी उतर रही है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**(लेखक : झारखंड भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# अर्पण का महारक्तदान शिविर आज तैयारियां पूरी, हजारों करेंगे रक्तदान



**इस महायज्ञ में सहभागी बनें और इसे ऐतिहासिक बनायें : अमरप्रीत सिंह काले**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अर्पण परिवार द्वारा 22 जून (रविवार) को आयोजित महा रक्तदान शिविर की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने हेतु आज जमशेदपुर ब्लड बैंक, धतकीडीह में परिवार के प्रमुख सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने इस संकल्प के साथ आगे बढ़ने का प्रण लिया कि यह शिविर न केवल रक्तदान के क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचेगा, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और पर्यावरण-संवर्धन के प्रति भी नई जागरूकता का संचार करेगा। इसी कड़ी में रक्तदान के साथ-साथ 5100 पौधों के वितरण का निर्णय भी लिया गया है।

ब्लड बैंक में रक्त की भारी कमी को देखते हुए इस बार अधिकतम रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है ताकि आपात स्थिति में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिल सके।

इस अवसर पर अर्पण परिवार के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि अर्पण परिवार पूरे वर्ष, चौबीसों घंटे, तीन सौ पैंसठ दिन रक्त सेवा में समर्पित रहता है। यह निःस्वार्थ सेवा अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि 22 जून को आप सभी अपने सहयोगियों, मित्रों और परिवारजनों के साथ इस महायज्ञ में सहभागी बनें और इसे ऐतिहासिक सफल बनायें। यह अभियान मात्र आयोजन नहीं, बल्कि मानवता और प्रकृति के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

बैठक में जमशेदपुर ब्लड बैंक के प्रमुख संजय चौधरी ने अर्पण परिवार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की।

बैठक में जुगून पांडेय, प्रिंस सिंह, विभाष मजूमदार, घनश्याम भिरभरिया, दीपक सिंह, किशोर ओझा, दीपक दीपू, कौशिक प्रसाद, सूरज बाग, सौरभ चटर्जी, सरबजीत टॉबी, धीरज चौधरी, सुमन कुमार, मोहन दास, विक्की तारवे, मनोज मुखी, संतोष यादव, विनोद उमंग, कार्तिक जुमानी, मन्नू ढ़ोके, मनोज हलदर, रामा राव, सूरज पाल, कंचन बाग, नवीन करण, भोला दास, अनूप तिवारी, देवाशीष झा, प्रणय दास, बिनोद भिरभरिया, विकास गुप्ता, विशाल, आशुतोष बनर्जी, सूरज साह, समर झा, सागर मुखी, सूरज चौबे, अनुज मिश्रा, कमलेश पाठक समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# विधायक संजीव सरदार ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/ जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पोटका क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े कई मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।विधायक सरदार ने सड़क और पुल-पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और



चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की मांग करते हुए कहा इन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।इसके साथ ही श्री सरदार ने आदिवासी जनजातीय भाषाओं को शिक्षा प्रणाली में बढ़ावा देने और क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की आवश्यकता पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन मांगों को महत्वपूर्ण बताते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

## सरायकेला-खरसावां जिले के 19वीं उप विकास आयुक्त रीना हांसदा ने संभाला पदभार



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के 19वीं उप विकास आयुक्त रीना हांसदा ने कार्यभार ग्रहण किया।शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा उनकी प्राथमिकता योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और विकास कार्यों को गति देना है। मौके पर डीआरडीए कर्मियों ने उनका भव्य स्वागत किया। साथ ही सभी अधिकारियों ने सहयोग का आश्वासन दिया।उल्लेखनीय है रीना हांसदा पूर्व में गुमला जिले में आइटीडीए परियोजना निदेशक के पद पर कार्यरत थीं। उनके आगमन से जिले में प्रशासनिक कार्यों को नयी दिशा मिलने की उम्मीद है।

## सऊदी से लौटा युवक लापता, शादीशुदा महिला पर हनीट्रैप का आरोप,थाना में की शिकायत



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर स्थित मांझी टोला निवासी शुभम दास के परिजनों ने टेल्को की एक शादीशुदा महिला पर हनीट्रैप में फंसाकर लाखों की ठगी का आरोप लगाया।मिली जानकारी के अनुसार युवक सऊदी अरब में नौकरी करता था।कुछ महीने पहले महिला के संपर्क में आकर नौकरी छोड़ भारत लौट आया। अब वह पिछले दो दिन से लापता है। परिजनों ने बताया महिला ने फेसबुक के माध्यम से दोस्ती कर पहले युवक से 2.3 लाख और 58 हजार की ऑनलाइन शॉपिंग करवाई। महिला के दबाव में आकर शुभम ने जनवरी में नौकरी भी छोड़ दी। पहले भी थाने में शिकायत कर समझौता कराया गया था। जिसमें महिला को युवक से दूर रहने को कहा गया था। परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज करायी।

## एनएच-33 पर चलते ट्रक में लगी आग चालक ने कूद कर बचायी अपनी जान

**चांडिल।**सरायकेला-खरसावां जिले के चौका थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर एक चलती ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। शुक्रवार को ट्रक में आग लगते ही चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। आग की तपिश तेजी से बढ़ने पर चालक ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई।मिली जानकारी के अनुसार ट्रक में अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ पेंट लदा हुआ था। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने किया दौरा बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत कार्य तेज करें



**जमशेदपुर।**पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को बाढ़ से प्रभावित जमशेदपुर के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। बागुननगर, बागुनहातु, भुइयाडीह, बारीडीह और बागबेड़ा की नई बस्तियों में स्थानीय लोगों ने पानी, साफ-सफाई और दवाओं की समस्या को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की।श्री दुबे ने समस्याओं को लेकर जेएनएसी और बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर त्वरित कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने पानी टैंकर भेजने, सफाई व ब्लीचिंग कार्य और ट्रांसफार्मर मरम्मत का आश्वासन दिया।मौके पर प्रतिनिधिमंडल में राजनारायण यादव, मुन्ना मिश्र, रंजन सिंह, आशीष ठाकुर, अमरजीत नाथ मिश्र, अजय मंडल आदि शामिल रहे।

**पारडीह-बालीगुमा फ्लाइओवर निर्माण से जलजमाव**

# विकास कार्यों में पर्यावरणीय संतुलन का अभाव घातक है : सरयू राय

**आशियाना वूडलैंड के लोग ठोकेंगे मुआवजा का दावा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को पारडीह से बालीगुमा के बीच बन रहे एनएचएआई फ्लाईओवर के शुरूआती स्थल का दौरा किया। आशियाना वूडलैंड सहित आसपास के क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति को लेकर उन्होंने चिंता जताई और इसके लिए फ्लाईओवर निर्माण में प्राकृतिक जलनिकासी मार्ग को अवरुद्ध किए जाने को जिम्मेदार ठहराया।विधायक ने कहा विकास की दौड़ में जब प्रकृति, पर्यावरण और पारिस्थितिकी के संतुलन की अनदेखी होती है, तो ऐसे परिणाम सामने आते हैं। पानी का स्वाभाविक रास्ता बंद करने से वह घरों में घुसता है।

उन्होंने यह भी कहा योजनाओं के डीपीआर में आमतौर पर सभी पहलुओं पर विचार होता है। लेकिन लगता है अब आमजन की असुविधा को नजरअंदाज किया जा रहा है।

सरयू राय ने बताया आशियाना वूडलैंड के निवासियों ने उन्हें नुकसान की भरपाई के लिए एनएचएआई पर दावा ठोकने की बात कही है। प्रत्येक घर में 5 से 10 लाख रुपये तक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। विधायक ने कहा अगर वे मुआवजा मांगते हैं तो मैं उन्हें पूरा सहयोग करेंगे।



### जलजमाव वाले इलाकों में हो ब्लीचिंग और फॉगिंग

विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम और जेएनएसी से अपील की जलजमाव प्रभावित इलाकों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाए और मच्छर रोधी फॉगिंग कराई जाए, ताकि संक्रमण और बीमारी से लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कई क्षेत्रों से अब जल निकासी हो रही है, जो संतोषजनक है।

### डूबने से मृत युवक के परिजनों को दी आर्थिक सहायता

ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित कुंवर बस्ती निवासी संजय वर्मा की भारी बारिश के दौरान डूबने से मौत पर विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि पप्पू सिंह ने संवेदना जताई और तत्काल आर्थिक मदद के रूप में परिजनों को 10 हजार रुपये की सहायता दी। पप्पू सिंह ने कहा भविष्य में भी हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। इस दौरान उपेंद्र कुमार सिंह (मस्तान सिंह), जीतू सिंह, वीरू सिंह सहित कॉलोनी के अन्य लोग मौजूद रहे।

# आज योग दिवस पर रेड क्रॉस भवन में विशेष सत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए योग का एक विशेष सत्र का आयोजन साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में 21 जून को संध्या 3:30 बजे किया गया है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। 30 लोगों के लिए स्थान आरक्षित किया गया है एवं उनके साथ रेड क्रॉस के 50 वर्ष से अधिक उम्र के कार्यकर्ता इस योग के विशेष सत्र में योगासन करेंगे। मुख्य रूप से बढ़ती उम्र में किस प्रकार सक्रिय रहा जा सकता है और शारीरिक रूप से स्वस्थ इसके लिए जो आसान निर्धारित किये गये हैं, वह सारे आसान बताये जायेंगे। रेड क्रॉस सोसाइटी पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया की बढ़ती उम्र में कठिन योग करना शरीर के लिए संभव नहीं है एवं उससे दूसरी तरफ पीड़ा हो सकती है इसी को ध्यान में रखते हुए योग के ऐसे सुलभ आसान किए जाएंगे जो नियमित रूप से बिना किसी शारीरिक कष्ट के किया जा सकते हैं और निरोगी रह कर सक्रिय रहा जा सकता है। उन्होंने इस विशेष सत्र में शामिल होने का आग्रह किया है।

## उपायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन की समीक्षा की

# पेयजलापूर्ति योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह- अध्यक्ष जिला जल और स्वच्छता समिति, दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पेयजल और स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता-सह-सदस्य सचिव अजय कुमार सिंह द्वारा अब तक की उपलब्धियों और कार्यान्वयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गयी। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के सफल आयोजन हेतु विशेष रणनीति और तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गयी। उपायुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले की उत्कृष्ट सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, जन-जागरूकता अभियानों को तेज करने और समयबद्ध लक्ष्य-पूर्ति पर बल दिया। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करें ताकि जिले को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रैंकिंग प्राप्त हो सके। उन्होंने पेयजलापूर्ति योजनाओं के तहत विभिन्न कार्यों यथा-एकल ग्रामीण पाइपलाइन परियोजना, बहु ग्रामीण पाइपलाइन परियोजना, हर घर नल से जल, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जल जीवन मिशन की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण नहीं होने को लेकर कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंताओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगायी गयी। संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाते हुए जलापूर्ति योजना के तहत सभी कार्य शीघ्र पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ मिश्रा द्वारा ग्राम स्तर पर 15वें वित्त, मनरेगा की राशि (कन्वर्जेंस) से विभिन्न संरचनाओं के निर्माण पर परिचर्चा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, सिविल सर्जन अशोक कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी केसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, जिला स्वच्छता समन्वयक, पेयजल और स्वच्छता विभाग के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने इवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

गढ़वा। पुराने समाहरणालय भवन परिसर में अवस्थित इवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, लॉगबुक का संधारण, सीसीटीवी कार्यशीलता, अग्निशमन यंत्रों की स्थिति सहित संपूर्ण व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार सभी आवश्यक मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी निरीक्षण प्रक्रिया में भाग लिया और संपूर्ण प्रक्रिया की पारदर्शिता की सराहना की। उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, और इसी उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण आयोजित किये जाते है।

## आपदा प्रबंधन ने जिला स्तर पर जारी किया हेल्पलाइन नंबर



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गर्मी और बरसात के मौसम के मद्येनजर आपातकालीन स्थितियों से निपटने हेतु आपदा प्रबंधन जिला गढ़वा द्वारा आमजनों के जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेल्पलाइन नंबर जारी किये गये हैं। अपर समाहर्ता राज महेश्वरम द्वारा उक्त बातों की जानकारी देते हुए गढ़वा जिले के आम नागरिकों से अपील की गयी है कि अतिवृष्टि, अगलगी, जलाशयों में डूबने की सूचना, अतिवृष्टि के कारण घर गिरने आदि आपातकालीन स्थिति अथवा इसी प्रकार की अन्य घटनाओं में सहायता हेतु गढ़वा जिले के नागरिक जिला आपदा प्रबंधन द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नंबर 112 या 6201261084 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन, गढ़वा पूरी तरह से तत्पर और प्रतिबद्ध है।

## सगमा प्रखंड प्रमुख ने मनरेगा में चल रहे फर्जीवाड़े को लेकर दिया आवेदन




**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रमुख ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर सगमा प्रखंड के विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत निदान करने का मिला आश्वासन। सगमा के प्रखंड प्रमुख अजय शाह ने श्री बंसीधर नगरअनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा को दिये आवेदन में कहा है की सगमा प्रखण्ड में मनरेगा सहित विभिन्न विकास योजनाओं में सरकारी नियम को ताख पर रखकर संचालित किया जा रहा है किसी भी योजनाओं में सरकार के द्वारा निर्धारित मानक को पूरा नहीं किया जा रहा है मनरेगा मजदूर आधारित योजना है मगर इसकी अवहेलना करते हुए मशीन से कम कराया जा रहा है मजदूरी नहीं मिलने के कारण सगमा प्रखंड से मजदूरों का पलायन कर रहे है सगमा प्रखंड में पूर्णकालिक सीओ बीडीओ का पद अस्थापन नहीं होने से प्रखंड वासियों का काम आधार में इसके अभाव में प्रखंड का विकास पूरी तरह ठप है वहीं पंद्रह वित के पूर्ण हो चुके योजनाओं का भुगतान तीन माह से लंबित है पंचायत समिति सदस्य प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे है इसे देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी महोदय से आग्रह है की प्राथमिकता के आधार पर उक्त समस्याओं का निदान कराया जाये। प्रखंड प्रमुख अजय साह ने बताया कि प्रखंड के पांचो पंचायत में जितने भी फर्जी बड़ा काम चल रहा है। पूर्ण रूप से अगर जांच नहीं होता है तो फिर हम अनशन करेंगे नहीं तो धरना बैठेंगे। आवेदन लेने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने इसकी जांच कर निदान करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर प्रमुख अजय शाह, उप प्रमुख अर्जुन पासवान, पंचायत समिति सदस्य ममता देवी उपस्थित थे।

## नौवीं और ग्यारहवीं की प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल घोषित



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर में शुक्रवार को नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा के परीक्षाफल का भव्य रूप से प्रकाशन किया गया। इस विशेष अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवींद्र मेहता, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्या, प्राचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय, एसएमसी सदस्य बैजू साह और मनोज यादव, आनंद कुमार, मोहम्मद मोकारिम, सुशील कुमार, अनय कुमार गुप्ता, रोहित कुमार सिंह और उदित नारायण चौबे सहित कई प्रबुद्ध शिक्षकगण उपस्थित रहे और उनके कर-कमलों द्वारा संयुक्त रूप से परीक्षाफल जारी किया गया। परीक्षाफल के प्रकाशन के दौरान विद्यालय परिसर में उल्लास और उत्सव का वातावरण देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में परीक्षार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित रहे, जिन्होंने परिणाम की घोषणा को एक महत्वपूर्ण क्षण के रूप में अनुभव किया। विद्यालय परिवार द्वारा सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष पहली बार विद्यालय में नवाचार के रूप में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी, जिसके माध्यम से योग्य छात्रों का चयन सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह राज्य का पहला ऐसा सामान्य सरकारी विद्यालय है, जिसने प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन की प्रक्रिया आरंभ की है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार की संभावना है। अंत में वरिष्ठ शिक्षक सुशील कुमार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## ब्लड कैंसर से जूझ रहा फिरोज: परिवार ने सरकार से लगायी सहायता की गुहार

जितेंद्र यादव

**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड के महुडंड गांव निवासी फिरोज अंसारी पिता कमरूदीन अंसारी उम्र करीब 32 वर्ष पिछले तीन वर्षों से ब्लड कैंसर की बीमारी से जीवन और मौत से जूझ रहा है। घर का माली हालत खराब होने के कारण उसका समुचित इलाज नहीं करा पा रहे हैं। कुछ माह पहले फिरोज का इलाज रांची के एचसीजी अस्पताल से चल रहा था। लेकिन चिकित्सकों ने जवाब दे दिया है और स्वजनों को उन्हें दिल्ली एम्स ले जाने की सलाह दिया। फिरोज के पत्नी तबस्सुम बीबी पिता कमरूदीन अंसारी ने बताया कि घर का आर्थिक स्थिति बिल्कुल खराब है। पैसा के अभाव समुचित इलाज नहीं करा पा रहे हैं। रांची के चिकित्सकों ने इलाज के बाद स्पष्ट जवाब दे दिया और दिल्ली के एम्स में इलाज कराने की सलाह दिया। पैसे के अभाव में फिरोज को कैसे जान बचाए समझ में नहीं आ रहा है। इनका अंतिम इलाज दिल्ली के एम्स में बचा हुआ। किसी तरह कर्ज वगैरा ले कर पैसा इक्कठा कर के कई अस्पताल में इलाज करा चुके हैं। लेकिन अब और कर्ज की आस टूटी है और एक-एक पैसे को मर्ज ने मोहताज बना दिया। इधर देर होने से उनकी बीमारी भी और बढ़ती जा रही है, अनहोनी का भी चिंता सता रही है। हमलोग काफी टूट चुके है। कुछ भी बचा नहीं है।



**स्वजनों ने सरकार मदद की लगायी गुहार :** फिरोज के स्वजनों ने क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव और सरकार से सहयोग की गुहार लगायी है। वे चाहते हैं कि फिरोज का इलाज दिल्ली एम्स में कराया जा सके और उसकी जिंदगी बचायी जा सके। वहीं पिता कमरूदीन अंसारी ने भावुक हो कर बताया कि एक वर्ष पूर्व जमीनी विवाद के कारण कोर्ट के आदेश पर घर में तला लगा हुआ है। हमलोग घर के सभी परिवार बेघर और बेसहारा बने हुए है। गांव के राजेंद्र सिंह ने मानवता दिखाते हुए खाली मकान में आश्रय दिया है। फिलहाल हमलोग सभी परिवार उसी मकान रहते है। फिरोज अंसारी के तीन पुत्री और एक पुत्र है। पूरा परिवार टूट चुका है। बच्चों के आंखों में आंसू और चेहरे पर डर बना हुआ है कि पिता को कुछ हो न जाये।

## डंडई में सीमेंट लदा ट्रक पलटा

**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई थाना क्षेत्र के तसरार गांव स्थित चिनीया-गढ़वा मुख्य सड़क पर बन रहे नवनिर्मित पुलिया के पास शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एक सीमेंट लदा ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में ट्रक के ड्राइवर और खलासी बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार, तसरार गांव के पीपल पेड़ के समीप पुलिया निर्माण कार्य जारी है। निर्माण कंपनी द्वारा बगल से वैकल्पिक मार्ग (ड्रायवर्शन) तैयार कर आवाजाही चालू रखी गयी थी। इसी मार्ग से गढ़वा से सीमेंट लेकर चिनिया जा रहा ट्रक तेज मोड़ पर असंतुलित होकर पलट गया। ट्रक पलटने से सड़क पर आवागमन घंटों तक बाधित रहा। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं ग्रामीणों ने ड्रायवर्शन की खराब हालत और लापरवाही को हादसे का जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि ड्रायवर्शन की खराब हालत के कारण ट्रक चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रक पलट गया। इधर खबर लिखे जाने तक सड़क से ट्रक नहीं हटाया जा सका था, और आवाजाही पूरी तरह ठप थी। मौके पर डंडई थाना पुलिस पहुंच चुकी थी और आवागमन बहाल कराने की कोशिश जारी थी। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि ट्रक असंतुलन खोने के कारण गिर गयी कोई घायल नहीं हुआ है।

## योग दिवस आज, सभी एक साथ करेंगे योग



**मेराल (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रखंड मुख्यालय में होने वाला सामूहिक योग कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। खराब मौसम को देखते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर में योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास पतंजलि योग समिति के योग शिक्षकों द्वारा कराया जायेगा। इससे पहले शुक्रवार को योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास के थाना मंदिर परिसर में पुलिस पदाधिकारी के साथ अन्य लोगों ने भी एक साथ योगाभ्यास किया। पतंजलि योग समिति के प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। पूर्वाभ्यास में थाना प्रभारी विष्णुकांत, मुखिया रामसागर महतो, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ चौधरी सहित पुलिस के जवान और अन्य लोग शामिल थे।

## सीमावर्ती समन्वय को लेकर हुई बैठक



**गढ़वा/धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना परिसर में शुक्रवार को सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा और आपसी तालमेल को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में झारखंड और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती थानों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के सनावल थाना प्रभारी एसआइ गजपति मिरे, डिंडो ओपी प्रभारी नवल किशोर दुबे और झारखंड के धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। बैठक में दोनों राज्यों के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करने और सीमावर्ती अपराधों पर नियंत्रण को लेकर विशेष चर्चा हुई। अवैध बालू खनन, पशु तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी और सीमावर्ती अपराधियों की गतिविधियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व अवैध गतिविधियों को अंजाम देते हैं। ऐसे में दोनों राज्यों की पुलिस का समन्वय जरूरी है। इस दौरान यह भी तय किया गया कि नियमित अंतरराज्यीय समन्वय बैठकें आयोजित की जायेंगी, ताकि सूचनाओं का आदान-प्रदान तुरंत हो सके और कार्रवाई में देरी न हो। अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए संयुक्त गश्ती और विशेष निगरानी तंत्र विकसित करने पर भी सहमति बनी। धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों की शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखना प्राथमिकता है। वहीं, सनावल और डिंडो के थाना प्रभारियों ने भरोसा दिलाया कि छत्तीसगढ़ पुलिस हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है। बैठक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सभी अधिकारियों ने सीमावर्ती अपराधों को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया।

## देशी कट्टा और दो जिंदा गोली के साथ एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधरनगर।** रमना थाने की पुलिस ने कृष्णा राम नामक युवक को अवैध देशी कट्टा और दो जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गत गुरुवार को रमना थाने के बिवाटीकर गांव निवासी सुरेंद्र राम की पत्नी ममता देवी फोन कर सूचना दी कि कृष्णा राम उसे गाली गलौज कर रहा है और देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दे रहा है। उन्होंने बताया कि रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार ने पुलिस बल के साथ तत्संबंधी सूचना का सत्यापन करने बिवाटीकर गये। इस बीच एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे सशस्त्र बल ने पकड़ लिया। पकड़े गये युवक की पहचान कृष्णा राम के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा के साथ दो जिंदा गोली को जब्त किया गया। एसडीपीओ श्री सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक कृष्णा राम आवेदक ममता देवी का देवर है। कृष्णा राम को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रेसवार्ता में एसडीपीओ के साथ रमना थाना के थाना प्रभारी आकाश कुमार, सअनि मनोज कुमार मंडल मौजूद थे।

## केतार में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान को लेकर विशेष शिविर



**केतार (आजाद सिपाही)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत शुक्रवार को केतार प्रखंड के पचाडुमर पंचायत सचिवालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ केतार प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ प्रशांत कुमार, उप प्रमुख शंभू सिंह, जिला परिषद ज्वाला प्रसाद, बीपीओ नीरज पाल, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत 50प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाले अनुसूचित जनजातीय ग्रामों के लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु जिले के विभिन्न पंचायत में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत 15 से 30 जून 2025 तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल क्षेत्र में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना और पात्र लाभुकों को त्वरित सेवा प्रदान करना है। आयोजित शिविर में प्रखंड स्तरीय सभी विभागों द्वारा स्टाल लगाए गये। और सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभकों को आच्छादित किया गया। शिविरों में पीएम जनमन, आयुष्मान भारत, वन अधिकार, पेंशन, मनरेगा, जल जीवन मिशन, जनधन योजना, राशन कार्ड, पीएम विश्वकर्मा आदि प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गयी और पात्र लोगों से आवेदन प्राप्त किये गये। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस द्वारा चल रहे योजनाओं के बारे में संपूर्ण जानकारियां दी गयी और 9 लाख रुपए का चेक का वितरण किया गया और आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा 6 गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की गयी। वहीं शिविर में पेंशन का कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 28 आवेदन की ऑन द स्पॉट स्वीकृति दी गयी। वहीं 7 जाति प्रमाण पत्र के लिए, 9 आय प्रमाण पत्र के लिए, 5निवास प्रमाण पत्र के लिए, 8आधार कार्ड अपडेट और 34 जॉब कार्ड की स्वीकृति दी गयी। राजस्व विभाग से भी आवेदन प्राप्त की गयी।

## खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है: प्रशांत



**केतार(आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार के मैदान में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ प्रशांत कुमार, सब-इंस्पेक्टर आदित्य कुमार ठाकुर और बीपीएम रवि वैद्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अतिथियों ने खेल भावना से खेल को बढ़ावा देने की बात कही। इस मौके पर स्थानीय विद्यालयों की कई टीमों ने भाग लिया और उद्घाटन मैच में खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक था। आयोजन समिति की ओर से आगंतुकों के स्वागत की व्यवस्था की गयी थी। पहली मैच में प्लस टू विद्यालय छातकुंड और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं के बीच खेला गया जिसमें छातकुंड की छात्राओं ने 2,0 से मैच जीत दर्ज किया।वहीं लड़का टीम में परसोडीह और छताकुंड के बीच खेला गया जिसमें छाताकुंड के बच्चों ने जीत दर्ज किया। मौके पर शिक्षक में देवेंद्र कुमार, संतोष कुमार, प्रेम कुमार गुप्ता, प्रदीप सिंह, बसंत कुमार, शैलेश कुमार, दीनानाथ मेहता, नवीन प्रकाश, नरेश गुप्ता, रामप्रताप मेहता, विनोद पाल सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## दर्जनों कार्यकर्ताओं ने झामुमो से दिया इस्तीफा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर पंचायत में गुरुवार को बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया, जब झारखंड मुक्ति मोर्चा के दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ताओं ने पार्टी से सामूहिक इस्तीफा दे दिया। इस सामूहिक त्यागपत्र से स्थानीय सियासत में उथल-पुथल मच गयी है। इस पूरे घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए पंचायत समिति के अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि यह निर्णय कोई क्षणिक आवेग में नहीं लिया गया, बल्कि लगातार हो रही उपेक्षा और अनदेखी के विरोध में सामूहिक कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान विधायक अनंत प्रताप देव ने खुद हरिहरपुर पंचायत समिति का गठन कराया था और समिति के सभी कार्यकर्ताओं को संगठन में पूरा मान-सम्मान देने का वादा किया था। विकास कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि समिति के कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान दिन-रात एक कर पार्टी की जीत सुनिश्चित कराई, लेकिन चुनाव जीतने के बाद विधायक ने समिति के सदस्यों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। छह महीने बीत जाने के बावजूद समिति की किसी भी बात को सुना नहीं गया। विकास ने बताया कि पंचायत समिति के सभी सदस्यों का लिखा हुआ सामूहिक इस्तीफा झामुमो के गढ़वा जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा गया है। इस्तीफा देने वालों में बिरेंद्र रजवार, लल्लू रजवार, अनिल साह, अजय कुमार, कइल राम, विजय कुमार, चंदन कुमार, दीपू शर्मा समेत दर्जनों नाम शामिल हैं। इस सामूहिक इस्तीफे के बाद भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में झामुमो की स्थिति को लेकर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गयी हैं। माना जा रहा है कि यह कदम आने वाले पंचायत चुनाव और 2029 के विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

### सामूहिक इस्तीफे की खबर पर बवाल पंचायत अध्यक्ष ने बताया फर्जी



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। हरिहरपुर पंचायत में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। सोशल मीडिया पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ताओं के सामूहिक इस्तीफे की खबरें वायरल होने के बाद शुक्रवार को स्थानीय झामुमो कार्यकर्ताओं ने हरिहरपुर बस स्टैंड के पास एक प्रेस कांफ्रेंस कर इस खबर को सिरे से खारिज कर दिया। पार्टी के पंचायत अध्यक्ष रामकृष्ण राम ने दावा किया कि वायरल हो रही इस्तीफे की खबर पूरी तरह फर्जी और भ्रामक है। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर इस्तीफा देने वाले विकास सिंह कभी भी झामुमो के सदस्य रहे ही नहीं, ऐसे में उनके द्वारा इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता। प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता श्रवण पासवान ने आरोप लगाया कि विकास सिंह राजनीतिक रूप से अस्थिर व्यक्ति हैं और अक्सर एक पार्टी से दूसरी पार्टी में आते-जाते रहते हैं। उनका मकसद सिर्फ भ्रम फैलाना और लोगों को गुमराह करना है। झामुमो नेताओं ने स्पष्ट किया कि पार्टी संगठन पंचायत स्तर पर मजबूत है। विधायक अनंत प्रताप देव को दिया लेकर खोजने के बयान पर उन्होंने कहा कि भाजपाई अपने सांसद को दिया लेकर खोजें। विधायक अनंत हर जगह गरीबों के साथ खड़े हैं। प्रेस कांफ्रेंस में संजीत सिंह,लालेश्वर सिंह, राजेंद्र यादव, शिवनारायण यादव, शिवम सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## सांप के काटने से दो महिलाएं गंभीर

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों पर विषैला जंतु के काटने से दो महिला गंभीर हो गयी। जिसमें पहली घटना रेलवे साइडिंग में घटी जहां बीती रात्रि करैत सांप के काटने से विजेता देवी पति भीम सिंह गंभीर रूप से अचेत हो गयी। परिजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ शैलेन्द्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में भीम सिंह ने बताया कि बीती रात्रि विजेता देवी घर का दरवाजा बंद कर रही थी, इसी बीच पहले से दरवाजे पर चिपका करैत सांप ने काट लिया। जिसके बाद सांप को भी लोगों ने ढूंढ कर मार डाला। जबकि दूसरी घटना शुक्रवार को केतार के कोशडिहरा गांव में ऊषा देवी पति जवाहिर पासवान की पत्नी बारिश होने के दरम्यान आंगन में पानी भर रही थी इसी बीच एक बिच्छू ने डंक मार दिया। उसे भी परिजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

# खेलते-खेलते निर्माणाधीन कुएं में गिरी बच्ची, हुई मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** सोनाहातू थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू गांव में एक निर्माणाधीन कुएं में गिरने से पांच साल की मासूम बच्ची सीमा कुमारी की दर्दनाक मौत हो गयी। सीमा अपने नानी घर आई हुई थी। बता दें कि तीन बच्चियां कुएं के पास खेल रही थीं। इसी दौरान हाथ धोने के प्रयास में सभी तीनों बच्चियां फिसल कर कुएं में गिर गयीं। चीख-पुकार सुनकर गांव के एक व्यक्ति की नजर उन पर पड़ी। उसने तत्काल दौड़कर दो बच्चियों को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया। लेकिन सीमा को नहीं बचाया जा सका। सूचना पाकर सोनाहातू पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया है।

## तमाड़ में बीएलओ को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

# सीएचसी निरीक्षण में पांच कर्मी नदारद

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर शुक्रवार को तमाड़ प्रखंड सभागार में तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू सह सहायक निर्वाचक पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा ने की। प्रशिक्षण में तमाड़ प्रखंड के बीएलओ, पर्यवेक्षक, अमीन एवं आवास समन्वयकों को मतदान केंद्रों के नजरी नक्शा, स्थल सीमांकन एवं मुख्य मानचित्र से संबंधित तकनीकी जानकारी दी गयी। एसडीओ ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के तहत हर योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में हो, यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। तकनीकी प्रशिक्षण से इस कार्य को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

**सीएचसी निरीक्षण में मिली लापरवाही, चार चिकित्सक और एक सहायक गायब :** प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तमाड़ का औचक निरीक्षण किया, जहाँ लापरवाही सामने आई। निरीक्षण के दौरान चार चिकित्सक व एक प्रधान सहायक अनुपस्थित पाये गये। इनमें डॉ सिम्मी स्मिता मिंज, डॉ. निखत परवीन, डॉ इंद्रजीत मेहता, डॉ सुनीता प्रेमा एक्का एवं प्रधान सहायक शंकर तिर्की शामिल हैं।

एसडीओ ने इसे गंभीर मामला मानते हुए सभी अनुपस्थित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस (शोकॉज) जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और भविष्य में ऐसी स्थिति दोहराने पर सख्त कार्रवाई होगी।

## तोरपा विधायक और एनडीआरएफ का प्रयास रंग लाया

# दो ग्रामीणों को मिली नयी जिंदगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया के प्रयास ओर एनडीआर टीम के साहस से रनिया थाना क्षेत्र के कोटांगेर गांव के दो लागों को नई जिंदगी मिली। समय रहते यदि विधायक ओर एनडीआरएफ की टीम सक्रिय नहीं होती, तो दो लोगों का कोयल नदी की तेज धार में बहना तय था।

हुआ यूं कि कोटांगेर गाव के बिरसा लोहरा और बिरसा आईद बुधवार की सुबह लगभग नौ बजे मछली मारने कोयल नदी गये थे, लेकिन भारी बारिश कें कारण नदी में बाढ़ आ गई और दोनों व्यक्ति नदी कें तेज धार में फंस गये। पानी कम होने की आशा में दोनों नदी कें बीच एक चट्टबन पर बैठे रहे, लेकिन पानी का बहाव घटने के वजय बढ़ता ही रहा। जब इसकी सूचना गांव वालों के माध्यम से विधायक सुदीप गुड़िया को मिली, तो उन्होंने तुरंत एनडीआरएफ की टीम को मामले की जानकारी दी और झाटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। विधायक भारी बारिश कें बावजूद पीड़ित परिवारों से मिले और उन्हें ढाढ़स बंधाया। जैसे ही गुरुवार को एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची, लोगों में उम्मीद की किरण जग उठी। एनडीआरएफ की टीम वहां उपस्थित लोगों के साथ मिलकर तुरंत बचाव कार्य में जुट गयी। गुरुवार की देर रात विधायक सुदीप गुड़िया एनडीआरएफ की टीम औश्र स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ कोयल नदीं कें पासं पहुंचे और टीम ने बचाव कार्य शुरू कर दिया। जब तक दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित नहीं निकाला गया, तक तक विधायक ओर प्रशासन के टीम वहां डटी रही। देर रात एनडीआरएफ की टीम ने दोनों ग्रामीणों को सुरक्षित निकाल लिया।

ग्रामीणों ने इसें लिए विधायक, स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ के टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि विधायक हो तो सुदीप गुड़िया जैसा, जो सबके दुःख में साथ खड़े होते हैं। इसके पहले विधायक भारी बारिश के बावजूद गुरुवार की सुबह बनई नदी के टूटे पुल का जायजा लेने पहुंच गये थे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 को लेकर खूंटी में आयोजित की गयी कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों और प्रतिभागियों को स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया।

कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई, जिसे जिला समन्वयक नीरज त्रिपाठी ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह सर्वेक्षण गुणवत्ता आधारित होगा, जिसमें खूंटी जिले को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 (एसएसजी2025) के तहत खूंटी जिला 22 चयनित ग्रामों में सक्रिय भूमिका निभाएगा। एएमएस संस्था द्वारा इन ग्रामों में सर्वेक्षण कर चारा प्रमुख बिंदुओं सिटीजन फीडबैक, सर्विस लेवल प्रोग्रेस, डिस्ट्रिक्ट ऑब्जरवेशन, ऑब्जरवेशन ऑफ प्लांट का मूल्यांकन किया जाएगा।

कार्यालय अधीक्षण मनीष कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी ने भी एसएसजी के उद्देश्यों और प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर पंचायत मुखिया, सचिव, पंचायत सेवक, जलसहिया और एसएसजी आदि की भागीदारी आवश्यक है। एसएसजी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ग्रामों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया जाएगा। कार्यशाला में बीडीओ, बीपीएम, जेएसएलपीएस, डीएसडब्ल्यूओ, जिला परियोजना समन्वयक, कंप्यूटर ऑपरेटर, पंचायत प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### विधायक सविता महतो ने मुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री से मुलाकात की



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागड की विधायक सविता महतो शुक्रवार को चांडिल डैम में 180 मी से नीचे जल भंडारण को लेकर रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व जल संसाधन मंत्री हफीजुल हुसैन से मिले। इस दौरान विधायक नें मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा जिसमे उन्होंने कहा चांडिल बांध निर्माण से विस्थापित हुए कुल 116 गांव को पुनर्वास सुविधा तथा जल भंडारण की क्षमता 180 मी से नीचे रखने व बांध के जल भंडारण की क्षमता आरएल मीटर कि बाध्यता को समाप्त कर आवंटन उपलब्ध कराने का मांग किया है। ईचागढ़ विधानसभा अंतर्गत चांडिल बांध निर्माण से कुल 116 गांव संपूर्ण विस्थापित हुए परंतु आज तीन दशकों से ज्यादा समय अवधि के बाद भी बांध निर्माण से विस्थापित हुए कुल 116 गांव के लोगों को संपूर्ण पुनर्वास की देय सुविधा नहीं मिल पाई है साथ ही मानसून के दोनों में बांध के जल भंडारण क्षमता आरएल मीटर की वैद्यता से भी प्रत्येक वर्ष चांडिल के प्राय गांव बाढ़ के कारण टापू बन जाते है जिस कारण यहां के लोगों का जीवन कष्ट दायक के साथ-साथ जताना की तरह हो जाता है। उन्होंने कहा है कि मैंने कई बार सदन के माध्यम से तथा सरकार के स्तर से भी विस्थापितों की समस्या की निराकरण हेतु प्रयास किया परन्तु आजतक विस्थापितों को संपूर्ण पुनर्वास का लाभ नहीं मिल पाना हृदय बिदारक है।

### धमधमिया में पांच दिन से पानी सप्लाई बाधित

खलारी (आजाद सिपाही)। धमधमिया कॉलोनी में पांच दिन से पानी सप्लाई बाधित हो गया है।बताया जाता है कि सोमवार को ही मोटर का बेयरिंग खराब हो गया था जिसके कारण पानी सप्लाई बाधित है।वही दो तीन से लगातार बारिश के कारण मोटर को तालाब से बाहर ऊपर करना पड़ा है।जिससे भी पानी सप्लाई बाधित हो गया है।पांच दिन से धमधमिया में पानी सप्लाई बाधित होने से कामगारो कि परेशानी हो रही है। खिलानधौड़ा स्थित पम्प हाउस से धमधमिया में पानी सप्लाई किया जाता है और हर वर्ष पानी सप्लाई की समस्या बनी रहती है।इस संबंध में कोल फील्ड मजदूर यूनियन के रोहिणी शाखा सचिव ध्वजा राम धोबी ने बताया कि धमधमिया व पुरनाडीह कॉलोनी में पांच दिन से पानी सप्लाई बाधित हो गया है लेकिन प्रबंधन इसकी कोई सुध लेने वाला कोई नही है। उन्होंने कहा कि सिविल विभाग पूरी तरह धमधमिया कॉलोनी के प्रति उदासीन है जबकि धमधमिया सबसे बड़ी आवासीय कॉलोनी है, लेकिन अभी तक प्रबंधन और विभागीय अधिकारी कोई ध्यान नही दे रहे हैं। इस बारिश में भी कामगारो को पानी के लिए पानी पानी होना पड़ रहा है।

### शराब दुकान में चोरी करनेवाला धराया



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू पुलिस ने शराब दुकान में चोरी करने गये,चोर को कयी किलोमीटर पीछा कर बोलेरो समेत पकड़ा इस संबंध में सोनाहातु पुलिस ने बताया 19 जून की रात कुछ लोग सोनाहातू बाजार स्थित सरकारी शराब दुकान के शटर काट रहे थे।पुलिस गस्ती पर थी। रात के समय शराब दुकान में तीन चार लोग को देखने पर पुलिस वाहन को रोक कर शराब दुकान की ओर जाने लगे। पुलिस को देख वे लोग बिना नंबर के सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी से जामुदाग की ओर भागने लगे।पुलिस ने पीछा किया।लगभग 30 किलोमीटर दूर जाकर बोलेरो का एक टायर फट गया।बोलेरो में सवार चार लोग भागने लगे। पुलिस ने एक को पकड़ लिया।अन्य तीन लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए।पकड़ा गया चोर टीसीआई आसनबनी,चांडिल का संतोष महतो बताया गया है। अन्य तीन लोग मनीष श्रीवास्तव, तारकेश्वर शर्मा और गोविंद डे बताया गया है। पूछताछ में आरोप को कबूल करते हुए कहा कि चारो लोग मिल कर शराब दुकान में शटर काट कर शराब चोरी करते है। पुलिस ने इनके पास से एक संबल, ताला काटने का कटर और एक बोलेरो जब्त किया है।

### पतंजलि परिवार सिल्ली ने निकाली प्रभातफेरी



सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली प्रखंड में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व पतंजलि परिवार सिल्ली एवं मेडिटेशन एंड योगा ग्रुप सिल्ली की ओर से शुक्रवार के दिन सुबह 6 बजे से सिल्ली थाना के समीप से प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी सिल्ली बाजार होते हुए ग्राम विकास स्कूल से सिल्ली थाना के समीप पहुंची और वहीं समापन भी किया गया। प्रभातफेरी में करें योग रहे निरोग, स्वस्थ भारत समृद्ध भारत, योग करें रोज करें आदि के नारे लगाये जा रहे थे। सभी से अपील किया गया कि योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सिल्ली स्टेडियम में अपने परिवार के साथ पहुंच कर योग करते हुए कार्यक्रम में अवश्य भाग लें। इस अवसर पर कृष्ण कुमार महतो राजेन महतो, सुशोभन लाहा, करुणामय चक्रवर्ती, मदन महतो दिनेश बनर्जी, अनिल साव, सुभाष लाहा, विनय, गौरांग कोइरी, शंकर विश्वकर्मा, ब्रजेश कुमार,दिलीप दे,शत्रुघन गुप्ता, जग्गू विश्वकर्मा, विकास हजाम, मालाकार, पंकज साहू, विजय जालान आदि शामिल रहे।

### लगातार भारी बारिश से दर्जनों घर ध्वस्त



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हो रहे भारी बारिश से जहां जनजीवन प्रभावित हुआ। वहीं दर्जनों कच्चे मकान भारी बारिश से जमींदोज हो गया। मैसाड़ा, हाड़ात, डुमरा सहित कई गांवों में दर्जनों मकान ध्वस्त हो गया। मैंसाड़ा गांव में संजय गोप, पवन गोप ,हाड़ात में सुखराम महतो, डुमरा में बाबु सिंह मुण्डा सहित कई ग्रामीणों का घर बारिश से ढह गया। घर ढहने से परिजन पड़ोसी के घरों में रह रहे हैं। भुक्त भोगियों ने आपदा प्रबंधन से मुआवजा का मांग किया है। हालांकि शुक्रवार को लोगों ने बारिश रूकने से राहत की सांस ली। किसान अपने सब्जी खेतों में जमे पानी को निकासी करने में व्यस्त रहे। वहीं अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में आपदा को देखते हुए जल जमाव क्षेत्र में लोगों को स्कूल भवन, पंचायत भवन एवं सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए अपील किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कच्चे मकानों में लोग नहीं रहे और सुरक्षित जगहों पर चले जायें। उन्होंने कहा कि अतिविष्टि से मकान आदि क्षतिग्रस्त होने की लिखित आवेदन मिलने के बाद मुआवजा दिलाया जायेगा।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में कराया गया योगाभ्यास

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए छात्रों और शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के कई बच्चे एवं शिक्षक शामिल हुए। जानकारी के अनुसार योगाभ्यास विद्यालय के शिक्षक राकेश कुमार के द्वारा कराया गया। उन्होंने कपालभाति, अनुलोम-विलोम मंडूकासन, उष्ट्रासन आदि आसान कराया। कार्यक्रम में स्कूल कक्षा षष्ठ से कक्षा द्वादश तक के छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा योग किया गया। इस संबंध में विद्यालय की प्राचार्या डॉ आर चौधरी ने कहा कि सभी लोगों को योग नियमित रूप से करना चाहिए। योग हमें स्वस्थ तो रखता ही है, इसके साथ-साथ शरीर को ताजगी और फुर्ति भी प्रदान करता है। विद्यालय में गत एक सप्ताह से योगाभ्यास कराया जा रहा है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 203 आवेदनों को मिली स्वीकृति



खूंटी (आजाद सिपाही)। उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत प्राप्त 203 आवेदनों को स्वीकृति दी गई। योजना के अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय समिति की समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में आवेदनों का अनुमोदन किया गया। इस योजना के तहत कैंसर, लेप्रोसी समेत अन्य बीमारियों से पीड़ित लाभुकों को कल्याण विभाग के माध्यम से अधिकतम 25,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि खूंटी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आलोक बने खूंटी के नये उप विकास आयुक्त



खूंटी। भारतीय प्रशासनिक सेवा कें अधिकारी आलोक कुमार ने शुक्रवार को खूंटी जिले के 23वें उप विकास आयुक्त (डीडीसी) के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम से समाहरणालय कक्ष में कार्यभार प्राप्त किया। पदभार ग्रहण के उपरांत उप विकास आयुक्त आलोक कुमार ने अधिकारियों और कर्मियों से मुलाकात की तथा विभिन्न विभागीय कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत चल रही विकासात्मक योजनाओं को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। साथ हीं जिले के सर्वांगीण विकास के लिए तत्परता से कार्य करने तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही। पदभार ग्रहण के दौरान जिला प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लाभुकों का हुआ चयन

खूंटी। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत लाभुकों के चयन को लेकर शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त आर रॉनिटा ने की। बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की विस्तृत जानकारी उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत की गयी। उपायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि चयनित लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराया जाए और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता रखें।

### खूंटी की टीम बनी राज्यस्तरीय सब जूनियर हॉकी चौंपियनशिप में उपविजेता



खूंटी। झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर हॉकी चौंपियनशिप 2025 में हॉकी खूंटी की टीम उपविजेता बनी। उप विजेता टीम के खूंटी आने पर शुक्रवार को हॉकी खूंटी के सदस्यों और हॉकी से जुड़े प्रशिक्षक खेल पदाधिकारी और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को फूलमाला और पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर हॉकी खूंटी के सचिव दशरथ महतो, कोषाध्यक्ष जोनास मुंडू, परमानंद कुमार, सुशील टोपनो, जोसेफ हेमरोम, अमित सौरभ के अलावा खूंटी जिला खेल विभाग के पदाधिकारी, एसएसप्लस टू आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षिका विवियानी कोनगाड़ी, डेनियल, विनय, पवन, संतोष कुमार उपस्थित थे।

# धोबी मुहल्ला के लोगों को नहर के पानी से मिलेगी निजातः सुदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शुक्रवार को राहे गांव के धोबी मुहल्ला के लोगों से मुलाकात किए नहर के पानी ने मुहल्ले को डूबा दिया था। लोगों की परेशानी को सुने और तत्काल नहर के पानी से निजात देने हेतु तीन बिंदुओं पर काम शुरू करने को कहा।राहे बीडीओ अशोक कुमार ओर सीओ जया शंखी मुरमू को तत्काल सुभाष चौक से गोमदा चौक तक नाली की जमीन को मापी करने को कहा। नाली के जमीन को काफी मात्रा में अतिक्रमण करने की शिकायत मिली।वर्तमान में जहां पानी बह रहा है जगह में नाली बनाते हुए नदी तक पहुंचने की बात पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को कहा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से नहर को दो भागों में बांट कर धोबी मुहल्ला के तरफ आनेवाले नहर को मजबूती से बांधने की बात कही।

### दो बाइक में टक्कर, दो युवक हुए घायल

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना क्षेत्र के दलकीडीह के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो जाने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार तमाड़ निवासी कोंकाडीह गांव के अमर सिंह मुंडा सोनाहातु से अपने घर तमाड़ लौट रहा था इसी बीच एक और मोटरसाइकिल के साथ भिड़ंत हो जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों युवकों को एंबुलेंस की सहायता से अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया, जहां से लिए रिम्स रेफर कर दिया गया

# बड़ा तालाब की कलवर्ट पुलिया बही, आवागमन ठप



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़-रायडीह पथ पर बड़ा तालाब की कलवर्ट पुलिया और रोड बारिश से गुरुवार की शाम बह गयी, जिससे लोगों का आना जाना बंद हो गया है आज दुसरे दिन भी आना जाना ठप रहा। मिट्टी धंसने से मुख्य सड़क से आवागमन बाधित हो गया है, जिसे तमाड़ की लाइफ लाइन कहा जाता है। यह सड़क तमाड़ को रायडीह चौक होते हुए रांची टाटा मुख्य मार्ग से जोड़ती है। बड़ा तालाब के समीप सड़क के नीचे से मिट्टी धंसने के कारण सड़क पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिससे दोनों ओर का आवागमन पूर्ण रुप से ठप हो गया है। यह सड़क प्रखंड सह अंचल कार्यालय थाना अस्पताल बैंक विधालय बाजार को जोड़ती है। सड़क बंद हो जाने से ग्रामीणों को भारी नुकसान करना पड़ रहा है। मिट्टी धंसने की वजह से तालाब का पानी बह कर पास के खेतो में चली गयी, जिसमें कई क्विंटल मछली भी बह गयी।

मौके पर फायदा उठाते हुए ग्रामीणों ने खेतो में पहुंची मछलियों को पकड़कर अपने घर ले गये। इधर घटना की सुचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन ने त्वरित सड़क के दोनों छोर पर मिट्टी डाल कर कर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया है। लोग डोरेया होकर आना जाना कर रहे हैं।

# दामोदर नदी पुल पर कोल वाहनों की लग रही लाइन से बढ़ रही दुर्घटना की आशंका

**सीटू नेता इस्लाम अंसारी ने प्रबंधन से की कार्रवाई की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दामोदर नदी पुल के ऊपर कोल वाहनों की लग रही लंबी लाइन के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार कोयलांचल क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश से दामोदर नदी के टेढ़ी पुल में आई बाढ़ से टेढ़ी पुल क्षतिग्रस्त हो गया है,जिसके कारण टेढ़ी पुल से आवागमन बंद हो गया है।



दामोदर नदी के पुल पर लगी कोल वाहनों की कतार।

वहीं दामोदर नदी पर बने बड़े पुल से अब लोगों का आवागमन हो रहा है,लेकिन पुल पर कोल वाहनों की लंबी लाईन लगी रहती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसको लेकर सीटू के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी ने पिपरवार जीएम और अशोका पीओ से सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुल पर खड़े हो रहे कोल वाहनो को हटाने की मांग की है। इस संबंध में इस्लाम अंसारी ने बताया कि पिपरवार युनिट,अशोक परियोजना और सीएचपी परियोजना मे काम करने वाले सभी सीसीएल कर्मचारी इसी टेढ़ी पुल से आवागमन करते थे। लेकिन बाढ़ के कारण टेढ़ी पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन बंद हो गया है। वही सीसीएल कर्मी सहित अन्य लोग अब दामोदर नदी के बड़े पुल से आवागमन कर रहे हैं,लेकिन उक्त पुल पर हमेशा कोल वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है, जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है एवं दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है।

उन्होंने बताया कि अशोक परियोजना के गोल चक्कर के समीप चालू हुए आरएफआइडी सिस्टम के कारण पुल के उपर कोल वाहनो की लंबी लाइन लगी हुई रहती है। यदि जल्द ही प्रबंधन के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने सीसीएल प्रबंधन से इस पर गंभीर होकर ध्यान देते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से जल्द ही पुल से कोल वाहनों को हटाने की मांग की है।

## जोन्हा फॉल में डूबे शिक्षक की तलाश जारी, अब तक नहीं मिला कोई सुराग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एनडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार को जोन्हा फॉल में डूबे डीपीएस के शिक्षक माइकल घोष की तलाश में दिनभर सर्च अभियान चलाया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस अभियान में एनडीआरएफ के 30 गोताखोर शामिल हैं। पानी के तेज बहाव के कारण सर्च अभियान में काफी दिक्कत आ रही है। बताते चलें कि रांची डीपीएस स्कूल के म्यूजिक टीचर माइकल घोष गुरुवार को भारी बारिश के बीच अपने तीन दोस्तों के साथ जोन्हा फॉल घूमने गए थे। हादसा जिप लाईन के ऊपरी साइड में हुआ। जहां माइकल घोष सेल्फी लेने के चक्कर में पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गए। यह सब उनके दोस्तों के सामने हुआ। सूचना पाकर अनगड़ा पुलिस एवं एनडीआरएफ की टीम जोन्हा फॉल पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शुक्रवार को भी दिनभर तलाशी अभियान चलाया गया। लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है।

## बेड़ो के जरिया गांव में खस्सी चोरों का आतंक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया पंचायत में खस्सी चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे ग्रामीण दहशत में हैं। चोरों के बढ़ते हौसले ने ग्रामीणों की नींद हराम कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात 11 बजे मारुति वैन से आये अज्ञात चोरों ने जरिया के टेंगरिया गांव में सुकरा उरांव के चार बड़े खस्सी की चोरी कर ली। इसके बाद जरिया कटरमाली गांव में कपिल कुमार महतो का एक बड़ा खस्सी भी चोरों ने चोरी कर लिया। इसके बाद चोरों ने जरिया नहरटोली के रोशन लकड़ा के दो बड़े खस्सी को भी चोरी कर लिया। ग्रामीणों की मानें तो चोर मारुति ओमनी गाड़ी लेकर आये थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि चोरों को पकड़ा जाए। ताकि भविष्य में खस्सी चोरी को रोका जा सके। इस घटना से तीनों किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जरिया पंचायत में इस तरह की चोरी की घटनाएं अब आम हो गई हैं। चोर गिरोह सक्रिय हैं। लगातार मवेशियों को निशाना बना रहे हैं। जिससे ग्रामीणों की आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## नामकुम बाजार से बाइक चोरी

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम बाजार से सब्जी खरीदने आए युवक की बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। इसे लेकर पीड़ित ने नामकुम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सोनाहातु थाना क्षेत्र के लोवाहातु गांव निवासी चंद्रकांत बड़ाईक गुरुवार की शाम छह बजे अपनी बाइक से सब्जी खरीदने नामकुम बाजार आए थे। उन्होंने अपनी बाइक को रांची-टाटा रोड स्थित एक नर्सरी के सामने खड़ी की थी। सब्जी खरीदने के बाद जब वापस लौटे तो देखा कि बाइक वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक नहीं मिली तो उन्होंने नामकुम थाना में इसकी लिखित शिकायत की। उधर, नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर मामला दर्ज कर कर जांच शुरू कर दी गयी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों का पता लगाया जा सके।

## मंईयां सम्मान योजना की लाभार्थियों के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** टीआरआई फाउंडेशन के तत्वावधान में शुक्रवार को यूथ हब जोन्हा में झारखण्ड सरकार के मंइयां सम्मान योजना के लाभार्थियों के साथ आजीविका से जुड़े आर्थिक अवसरों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 200 से भी अधिक लाभार्थी दीदियों ने भाग लिया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जोन्हा के मुखिया कृष्णा मुंडा मौजूद थे। मुखिया ने लाभार्थी महिलाओं को योजना राशि का उपयोग विभिन्न स्वरोजगार योजना में कर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त करने के हुनर की जानकारी दी। इस अवसर पर दीदियों ने आजीविका को बेहतर बनाने के लिए अपने-अपने विचारों को साझा किया और एक कार्य योजना की रूपरेखा तैयार की। दीदियों ने मुख्य रूप से पशुपालन, कृषि एवं व्यवसाय पर फोकस किया। कार्यशाला में टीआरआईएफ के सदस्यों द्वारा पशुपालन, कृषि एवं व्यवसाय आधारित आजीविका को सशक्त बनाने तथा मईयां सम्मान योजना राशि का उपयोग सही तरीके से करने का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन के स्टेट कोऑर्डिनेटर अभिषेक सिंह, यूथ हब मैनेजर राजेश कुमार महतो, मनिला, निधि, हर्षनाथ भोगता, रेखा कुमारी, हरदयाल मुंडा और सीमा कुमारी की ओर से दिया गया।

## रथ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**रातू (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक रथ पूजा और मेले को लेकर शुक्रवार की शाम शांति समिति की बैठक हुई। राजकीला परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता बड़ी मणि माधुरी मंजूरी देवी ने किया। इसमें पेयजल, अतिक्रमण, स्वच्छता, अवैध शराब, यातायात के नियमो पर चर्चा हुई। शांति समिति के सदस्यों ने मेले में भीड़ को देखते हुए पुलिस से ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं अवैध शराब की बिक्री पर पाबंदी लगाने की मांग की। वहीं, मेले के बाद मैदान की साफ-सफाई पर जोर दिया। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने कहा कि मेले में हुड़दंगियों एवं मनचलो पर पुलिस की पैनी निगाह रहेगी। शराब पीकर आनेवालों पर भी कार्यवाई की जाएगी। वहीं, शराब एवं मास मछली बेचने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। इस दौरान मेले एवं पूजा सुरक्षा को लेकर पुरुष-महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। बैठक में प्रमुख संगीता देवी, दामोदर नाथ मिश्र, अंजुम खान, सुमिता देवी, परमेश्वर तिवारी, हरि साव, जितेश्वर मुंडा, अतुल राज, मुंतजिर आलम, जयंत पांडेय, हजारी प्रसाद, अरशद अयूब, अजमूल हक, फूल कुमारी देवी, महेश्वर देवी आदि थे।

### किसानों को सिंचाई के लिए लघु सिंचाई विभाग ने करवाया था निर्माण

## मानसून की पहली बारिश में ही बह गयी लाखों रुपये की लागत से निर्मित नहर

**लोगों ने की दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** सरकारी योजनाओं के तहत ग्राम विकास के लिए रांची लघु सिंचाई विभाग की ओर से नहर-तालाब निर्माण में भारी अनियमितता बरते जाने का मामला सामने आया है। भ्रष्टाचार इस कदर हावी रहा कि लाखों रुपये की लागत से निर्मित नहर मानसून की पहली बारिश भी झेल नहीं सका और महज एक महीने में ही टूटकर बह गया। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।



पहली बारिश में ही पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ तालाब।

जानकारी के अनुसार, उक्त नहर का निर्माण किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए किया गया था। हालांकि निर्माण के कुछ ही दिनों बाद ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और बिना किसी तकनीकी निरीक्षण के कार्य को जल्दबाजी में पूरा कर लिया गया। क्षेत्र के नाराज किसानों ने एक जून को रांची डीसी को आवेदन देकर मामले की जांच कराने और संवेदक के साथ भ्रष्टाचार में लिप्त अभियंता एवं पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की थी, लेकिन स्थिति यथावत है। तालाब के टूटने से आस-पास की फसलें बर्बाद हो गईं और जल संचयन की योजना पर पानी फिर गया। गांव के किसान रामलाल ने बताया कि हमें उम्मीद थी कि इस तालाब से खेती और पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था होगी, लेकिन यह तो एक माह भी नहीं टिक पाया। ग्रामीणों की मांग है कि उक्त निर्माण की प्राक्कलित राशि एवं डीपीआर से संबंधित सूचना पट्ट भी नहीं लगायी गयी था। इसकी निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

## अधिकारियों की लापरवाही से प्रतिदिन हो रही करोड़ों की क्षति : सुजीत कुमार

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना का उत्पादन पिछले 4 माह से ठप है। झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड की सबसे सस्ता पावर प्लांट स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना के पेन स्टॉक का ट्रेस रैक मरम्मती के अभाव में चार माह पूर्व क्षतिग्रस्त हो गया था। महज 30-40 रुपए के कार्य की वजह से चार माह से उत्पादन ठप है। समाजसेवी सुजीत कुमार ने बताया कि ऊर्जा विभाग मुख्यमंत्री के पास है। उन्हें पत्र लिखकर शीघ्र मरम्मती कार्य कराने का आग्रह किया जाएगा। मानसून की शुरूआत में भारी बारिश से डैम का जलस्तर काफी बढ़ गया है और पानी को डैम के मुख्य गेट से बहाया जा रहा है। अगर अधिकारी समय से मरम्मती कार्य कराते तो रोजाना करोड़ों का बिजली उत्पादन हो सकता था।

## रिटायर सैनिक भी विकसित राष्ट्र बनाने में बनें भागीदार : संजय सेठ

**60 दिवसीय निदेशालय पुनर्वास (डीजीआर) प्रयोजित पूर्व सैनिकों का कौशल प्रशिक्षण का संपन्न**

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रांची के मोराबादी स्थित दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रामकृष्ण मिशन आश्रम के तत्वाधान में निदेशालय पुनर्वास (डीजीआर) की ओर से प्रायोजित भूतपूर्व सैनिकों का कौशल प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हुआ। जिसकी शुरूआत सुबह 10.30 बजे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, ब्रिगेडियर सौम्य बनर्जी, ब्रिगेडियर निरंजन कुमार (सेवानिवृत्ति निदेशक), स्वामी भवेषानन्द सचिव स्वामी, अंतरात्मानंद सह सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर की गई। अतिथियों का स्वागत स्वामी भवेषानन्द जी महराज सचिव राम कृष्ण मिशन ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने देश की रक्षा करने में सैनिको की अहम भूमिका, देश के सेना का अभूतपूर्व पराक्रम की प्रशंसा के साथ ही पूर्व सैनिकों के सेवानिवृत्त होने के बाद भी राष्ट्र की सेवा में करते हुए विकसित भारत बनाने में सहयोग की अपील की। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों को जैविक मधु पालन एवं अन्य उद्धम करने के लिए केवीआईसी से संपर्क स्थापित करने का आह्वान किया। वहीं, सौम्य बनर्जी ने रांची कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होने एवं गांव, समाज, देश के विकास में भूतपूर्व सैनिकों के योगदान पर अपने विचार रखें। स्वामी भवेषानन्द जी महाराज ने अपने संबोधन में भूतपूर्व सैनिक प्रशिक्षणार्थियों को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। साथ ही प्रशिक्षण सामान्य डॉक्टर भारत महतो ने कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में संभावित उद्यम शुरू करने को लेकर आवश्यक इनपुट, बैंक से जुड़कर लोन की उपलब्धता एवं प्रोजेक्ट प्रपोजल बनाने पर तकनीकी जानकारी दी। विदित हो कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र मोराबादी में 21 अप्रैल से 20 जून तक आयोजित की गई। इसके अंतर्गत डेयरी, बकरी पालन एवं मुर्गी पालन विषय पर 20 दिवसीय प्रशिक्षण दी गई। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षणार्थियों को डेरी फार्म, दूध संग्रह केंद्रों का भ्रमण, अंनगड़ा प्रखंड के विभिन्न गांव के बकरी पालन केंद्र का भ्रमण के साथ इन्हें सरकारी योजनाओं जैसे नाबार्ड के पदाधिकारी एवं पशु चिकित्सकों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। ब्रिगेडियर निरंजन कुमार (सेवानिवृत्ति निदेशक) ने सैनिकों की सेवानिवृत होने के बाद जैविक खेती, पशुपालन एवं कृषि के क्षेत्र में संभावनाओं की जानकारी देते हुए उद्यम की शुरूआत कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। इस मौके पर कुल 21 पूर्व सैनिकों को प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर वैज्ञानिक डॉ अजीत कुमार सिंह, डॉ राजेश कुमार, संजय डिंडा, इओपीशर्मा, गंभीर महतो के अलावा कार्यक्रम संचालन प्रफुल्लू कुमार आदि उपस्थित थे।



रिटायर्ड सैनियों को सम्मानित करते केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं अन्य।

## मध्यस्थों की मध्यस्थता से होते हैं वादों का निस्तारण : रवि कुमार

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** विवाह एवं पारिवारिक मामलों के लिए चल रहे विशेष मध्यस्थता अभियान का शुक्रवार को समापन हुआ। यह विशेष मध्यस्थता अभियान 16 से 20 जून तक चला। इस दौरान कुल 97 मामले सुलझाए गए। इससे पूर्व विभिन्न न्यायालयों से कुल 193 मामले हस्तांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र में आए थे। जिसमें 97 मामलों को सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया। इस विशेष मध्यस्थता अभियान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मध्यस्थतों एवं अधिवक्ताओं की भूमिका अहम रही। डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि झालसा के निर्देश पर विशेष मध्यस्थता अभियान चलाकर पारिवारिक वादों का निस्तारण किया जाता है और आगे भी किया जायेगा। वादों के निस्तारण में अधिवक्ता मध्यस्थ, विशेषज्ञ मध्यस्थ एवं अधिवक्ताओं की भूमिका अहम होती है। कहा कि विशेष मध्यस्थता अभियान में वादकारी खुशी-खुशी अपने वादों का निस्तारण कराये। इस दौरान वाद संख्या ओएस 142/2025 को अधिवक्ता मध्यस्थ एलके गिरि एवं सहयोगी मध्यस्थ ममता चौधरी दोनों पक्षों के विद्वान अधिवक्ताओं क्रमशः मो ईमरान एवं मो जमीलूर रहमान के प्रयास से दो सीटिंग में ही सुलझा लिया गया था। दोनों पति-पत्नी करीब छह वर्षों से अलग-अलग रह रहे थे। दोनों पक्षों से एक पुत्री (7) है, वह भी अपने माता के साथ पिता से अलग रह रही थी। इस मामले के सुलझने पर दोनों पक्षों की पुत्री को पिता का भी प्यार मिला और दो परिवार अलग होने से बचे।



## जलस्तर घटते ही घर लौटे पटियादोन के ग्रामीण, एएसआइ ललन सिंह सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** विगत तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण जोरार स्थित सपाही नदी का जलस्तर बढ़ने से पटियादोन मोहल्ला पूरी तरह से जलमग्न हो गया था। गुरुवार को जलस्तर अधिक बढ़ने के कारण तीन घरों में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया था। शुक्रवार को जलस्तर घटने के बाद सभी प्रभावित परिवार अपने-अपने घर लौट आये। जानकारी के अनुसार गुरुवार को रेस्क्यू अभियान के तहत जनार्दन महतो, रंजन यादव और नेहा देवी के परिवार को एएसआई ललन सिंह के नेतृत्व में सुरक्षित बाहर निकाला गया था। इन्हें समाजसेवी अशोक गोप द्वारा अपने घर में बनाए गए राहत शिविर में अस्थायी रूप से ठहराया गया, जहां उन्हें भोजन, बिस्तर सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इस दिन सुबह पानी उतरने के बाद सभी पीड़ित अपने घर लौट गए और सफाई कर पुनः अपने कार्यो में जुट गए। जनार्दन महतो फुचका बेचते है, जबकि रंजन यादव और नेहा देवी के परिवार ऑटो चलाकर जीविकोपार्जन करते है। उन्होंने प्रशासन द्वारा समय पर की गई मदद के लिए आभार जताया। वहीं, इस सराहनीय कार्य के लिए एसएसपी सह डीआईजी चंदन सिन्हा ने नामकुम थाना के एएसआई ललन सिंह को 5 हजार रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार ने भी ललन सिंह को एक हजार रुपए देकर साहसिक प्रयास की सराहना की। विधायक राजेश कच्छप, प्रमुख आशा कच्छप और उपप्रमुख वीणा कुमारी ने भी ललन सिंह की प्रशंसा की।



## बेड़ो सरनास्थल और महादानी मैदान विवाद को चंद लोग राजनीतिक रंग देने की कर रहे कोशिश : प्रो करमा उरांव



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरना स्थल एवं महादानी मैदान पर उत्पन्न विवाद के समाधान को लेकर ग्राम सभा का निर्णय सर्वोपरी होगा। उक्त बातें विधायक प्रतिनिधि सह प्रो करमा उरांव ने कही। वे शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बेड़ो का महादानी मैदान हजारों साल पुराना है। वहीं, सरनास्थल के नाम पर एक-ड़ पांच डिसमिल जमीन खतियान पर दर्ज है। कहा कि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और स्थानीय विधायक ने सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक करने के बाद साफ निर्देश दिया है कि इस संदर्भ में जो निर्णय ग्राम सभा तय करेगा, वही सर्वोपरी होगा। आवश्यकता पड़ने और आम सहमति बनने पर विधायक कोष से सरनास्थल की घेराबंदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन तथाकथित नेता का आज के समय में कोई अस्तित्व नहीं है, वे समाज को भड़का रहे हैं। वोट की राजनीति के लिए स्थानीय विधायक और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के विरुद्ध गलत और बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। इस विवाद की आग में जो नेता अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रहे हैं उनपर लगाम लगाया जाय। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि सामाजिक विषयों पर समाज एवं ग्राम सभा को निर्णय लेना चाहिए। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने सरना समाज के समग्र उत्थान के लिए मुड़मा खूंटा का निर्माण, सिरा सीता नाले का सुंदरीकरण, सरना मसना का संरक्षण और सरना कोड की मांग पर अहम भूमिका निभायी है। उन्होंने सरना समाज के हित में जो काम किया है, उसका प्रमाण पत्र देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि इस पूरे प्रकरण पर राजनीति ना करते हुए बेड़ो के स्थानीय ग्रामीण बैठकर सर्वसम्मति से इसके समाधान पर निर्णय लें। मौके पर पंचू मिंज, बिरसु तिर्की, विजय उरांव, सोमरा लोहरा, संजय कच्छप, मंटू उरांव, बुधराम बाड़ा, रोशन उरांव और दिलीप लोहरा आदि मौजूद थे।

### बेड़ो में लगातार बारिश से सब्जी उत्पादक किसानों को भारी नुकसान

## किसानों को अविलंब मुआवजा दे सरकार: सन्नी टोप्पो

**- खेतों में तैयार टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, बंधगोभी, शिमला मिर्च, पालक, मिर्चा झिंगी और खीरा आदि सब्जियों को नुकसान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** विगत कई दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। सबसे ज्यादा नुकसान सब्जियां उगाने वाले किसानों को हुई है। लगातार बारिश से खेतों में पानी भर जाने से सब्जियां डूब गयी हैं। इससे प्रखंड क्षेत्र के 17 पंचायतों के किसानों की सब्जी की फसलें बर्बाद हो गई हैं। अब किसान सरकार से मुआवजे की मांग करने लगे हैं। किसानों की मानें तो तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश से खेतों में पानी भर गया है। जिससे खेतों में तैयार टमाटर, बैंगन, करेला, फूलगोभी, बंधागोभी और पालक की खेती को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश से खेतों में लगी लत्तर वाली फसल, कद्दू गोंगरा, झिंगी एवं खीरा की खेती पर भी व्यापक असर हुआ है। खेतों में पानी भरे जाने से पौधे काले पड़ने लगे हैं। बेड़ो सहित प्रखंड के नगड़ी टोली, चरिमा, कठरटोली, पुरियो, फादिलमर्चा, खत्री खटंगा, करांजी जरिया, टेंगरिया, सिझूवा, घाघरा और केशा आदि गांव में लाखों की लागत से उगाई गयी सब्जियां बर्बाद हो गयी हैं। नगड़ी टोली के किसान चंदन कुमार, पवन कुमार और बुधनाथ महतो का कहना है कि इस बार उन्होंने टमाटर, बैंगन और मक्का की खेती की थी। टमाटर-बैंगन अब फल दे रहे हैं, लेकिन लगातार बारिश से उनकी सब्जी की खेती को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं, चरिमा गांव के पंकज कुजूर का कहना है कि उसने खीरा, कद्दू एवं करेला की खेती किया था। जो बारिश से जलमग्न हो गया है। इधर, प्रखंड के किसान ब्रजेश महतो, बलदेव महतो, पंचम महतो, बजरंग महतो, टुकरु उरांव, महादेव उरांव, पंकज कुजूर, विशेश्वर उरांव, बुधराम महतो, ईश्वर महतो, दिनेश महतो, खदी उरांव, संजय उरांव, बंधना उरांव, हुसैन अंसारी, घनश्याम धान, पीटर मिंज, पवन महतो और विकास महतो आदि के अनुसार सब्जी के फसल तैयार थे। इसी बीच लगातार बारिश से खेतों में पानी जम गया जिससे खेत में नमी हो गयी। इससे सब्जी के पौधे गल गए हैं। खेत में लगाए टमाटर, मिर्च और बैंगन के पौधे बर्बाद हो गए हैं। इसी के साथ किसानों की उम्मीदें भी खत्म हो गई। प्रखंड क्षेत्र में कोई रोजगार का संसाधन नहीं है। सबकुछ खेती पर ही निर्भर है। बारिश के कहर से किसानों की कमर टूट चुकी है। किसानों ने बताया की बैंक से केसीसी लोन लेकर अच्छी आमदनी की आस में सब्जी की खेती की थी। लेकिन इसपर पानी फिर गया। किसानों को चिंता सता रही कि अब लोन से कैसे मुक्ति मिलेगी। दूसरी ओर, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने पूरे मांडर विधानसभा क्षेत्र में तीन दिनों से लगातार बारिश से सब्जी की खेती बर्बाद होने पर चिंता जताते हुए राज्य की हेमंत सरकार से फसल की क्षति का आंकलन कर किसानों को यथाशीघ्र मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि अभी धान की खेती का समय है, लेकिन किसानों को अभी अपने खेतों में लगाने के लिए धान बीज खरीदने तक के पैसे नहीं है।



## इटकी में मूसलाधार वारिश से आधे दर्जन मकान ध्वस्त



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भारी बारिश से किसानों के खेतों में लगे फसल नष्ट हो गये। बतातें चलें कि मंगलवार की शाम चार बजे से क्षेत्र में तेज हवा के साथ झमाझम बारिश शुरू हुई थी, जो बुधवार शाम छह बजे तक लगातार जारी रही। भारी बारिश के चलेत लोग अपने-अपने घरों में कैद हो कर रह गये है। इधर, भारी बारिश से कुल्ली गांव निवासी वरुण गोप और राखी केशरी का कच्चा मकान गिर गया। वहीं, मोरो गांव के महेन्द्र गोप, पुरियो निवासी राजू गोप, तरगड़ी के जनार्धन महतो, के अलावे हरमू, नारी, बघिया टोली आदि गांव में भी मकान गिरने की सूचना है। उधर, बारिश के चलते चचगुरा और भंडरा सड़क के डाइवर्सन तेज धार पानी ने बहा ले गया जिससे भंडरा, सौका, सुगदा, डोला , हरमू सहित कई गांवों का संम्पर्क टूट गया है। सड़क पर आवागमण ठप हो गया है।

# आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड ब्रदर्स एकेडेमी, चैंप स्क्वायर और ब्लैकबोर्ड को





झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किये गये 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' प्रदान करने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार 20 जून, 2025 को राजधानी के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों, ब्रदर्स एकेडेमी, चैंप स्क्वायर और ब्लैकबोर्ड को यह सम्मान प्रदान किया गया। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया (प्रा) लिमिटेड के निदेशकों राकेश सिंह और राहुल सिंह, महाप्रबंधक पशुपति सिंह और प्रसार प्रबंधक नामधारी प्रसाद के अलावा मार्केटिंग हेड मुकेश सिंह और सीनियर एग्जिक्यूटिव अभिषेक कुमार ने ब्रदर्स एकेडेमी के डायरेक्टर पारस अग्रवाल (बायें), चैंप स्क्वायर के डायरेक्टर मनीष सिन्हा (बीच में) और ब्लैकबोर्ड के डायरेक्टर विनय सिंह (दायें) को प्रमाणपत्र सौंपा।

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA, DCA, DTP, C++, Typing, Tally With GST, Advance Excel
सब पढ़ाते हैं हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th
CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th
CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF
Director & Mentor Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

WELCOME TO KIDS SECOND HOME ESTD - FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
